# घटती घटना

सत्य के साथ... जनहित में बात...

अम्बिकापुर,वर्ष 22, अंक - 37- रविवार 07- दिसम्बर 2025,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये ,www.ghatati-ghatana.com,RNI Reg.No.- CHHHIN/2004/15050,डाक पंजीयन. क्रं. 13/Surguja DN/ 2023-2025

## महापरिनिर्वाण दिवस पर राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री सहित देश ने बाबासाहेब अंबेडकर को किया नमन

**नई दिल्ली,06 दिसम्बर 2025।** बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 70 वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर संसद परिसर में शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ कई सांसद भी उपस्थित रहे, जिन्होंने संविधान निर्माता के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन की मौजूदगी ने इस कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया। संसद परिसर में आयोजित इस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु,उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू सहित अनेक सांसद और अन्य ने भाग लिया। सभी अतिथियों ने सत्र के दौरान डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें स्मरण किया। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि महापरिनिर्वाण दिवस पर भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। अंबेडकर हमारे संविधान के प्रमुख वास्तुकार और सामाजिक न्याय के एक महान समर्थक थे। समानता,गरिमा और भाईचारे के लिए उनके अथक संघर्ष ने आधुनिक,प्रगतिशील और समावेशी भारत की नींव रखी। उनके दूरदर्शी विचार एक न्यायपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण समाज की दिशा में राष्ट्रीय यात्रा का मार्गदर्शन करते रहेंगे। बाबासाहेब की स्थायी विरासत पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. बीआर अंबेडकर को याद करते हुए हुए कहा कि उनका दूरदर्शी नेतृत्व और न्याय, समानता और संवैधानिकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हमारी राष्ट्रीय यात्रा का मार्गदर्शन करती रहेगी। उन्होंने पीढ़ियों को मानवीय गरिमा बनाए रखने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया।



### उनके आदर्श हमारे पथ को निरंतर रोशन करते रहे : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि डॉ. बीआर अंबेडकर का दूरदर्शी नेतृत्व और न्याय, समानता एवं संवैधानिकता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता हमारी राष्ट्रीय यात्रा का मार्गदर्शन करती रहेगी। जब हम विकसित भारत के निर्माण में जुटे हैं, तब उनके आदर्श हमारे पथ को निरंतर रोशन करते रहें।

### सामूहिक संघर्ष को प्रेरित करती है : राहुल गांधी

राहुल गांधी ने बाबा साहब अम्बेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि समानता, न्याय और मानवीय गरिमा की उनकी शाश्वत विरासत संविधान की रक्षा के मेरे संकल्प को मजबूत करती है और अधिक समावेशी, दयालु भारत के लिए हमारे सामूहिक संघर्ष को प्रेरित करती है।



### नेशनल हेराल्ड केस...

## ईडी ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को फिर भेजा नोटिस



**बेंगलुरू,06 दिसम्बर 2025।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को एक बार फिर नोटिस जारी किया है। डी.के. शिवकुमार ने शनिवार को इसकी जानकारी और इसे राजनीति से प्रेरित बताया। डी.के. शिवकुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि नेशनल हेराल्ड और यंग इंडिया संगठन कांग्रेस पार्टी के अधीन कार्यरत हैं। पार्टी के कठिन समय में कांग्रेस नेताओं ने ट्रस्टों के माध्यम से इन संस्थानों की आर्थिक सहायता की थी। शिवकुमार ने बताया कि ईडी से नोटिस मिलने के बाद सभी आवश्यक दस्तावेज और जानकारी उपलब्ध करा दी गई हैं, साथ ही चार्जशीट भी दाखिल हो चुकी है। अब दिल्ली पुलिस ने उन्हें 19 दिसंबर तक उपस्थित होकर जानकारी देने को कहा है।

## मायावती ने एसआईआर को बताया महत्वपूर्ण बहुजनों से की बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील



**लखनऊ,06 दिसम्बर 2025।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को बेहद महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने अपील की है कि बहुजन समाज जागरूकता के साथ इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर शनिवार को मायावती ने दिल्ली स्थित अपने निवास पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने देशभर में बाबा साहेब के अनुयायियों द्वारा अर्पित की गई श्रद्धांजलि के लिए विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के लोगों का आभार प्रकट किया। मायावती ने सरकार से सवाल करते हुए पूछा कि बहुजनों के अच्छे दिन कब आएंगे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस के साथ संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती एवं पुण्यतिथि के खास मौकों पर यह सवाल मन-मस्तिष्क में उठता रहेगा कि संविधान के पवित्र मानवतावादी व कल्याणकारी उद्देश्यों पर आधारित देश के करोड़ों बहुजनों के 'आत्म-सम्मान व स्वाभिमान-युक्त अच्छे दिन' कब आयेंगे। देश की एक मात्र अंबेडकरवादी पार्टी होने के नाते बसपा इस बात को लेकर चिंतित है कि देश के उन करोड़ों शोषित पीड़ित दलितों और अन्य पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए थोड़े अच्छे दिन अब तक क्यों नहीं आये हैं? जिनके के लिए बाबा साहेब आजीवन कड़ा संघर्ष करते रहें और उनके हित और उत्थान के लिए संविधान में अनेकों अधिकार देकर कानून बनाए।

## मप्र के बालाघाट जिले में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ के बाद भागे नक्सली,विस्फोटक आदि बरामद



**बालाघाट,06 दिसम्बर 2025।** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में छत्तीसगढ़ से लगी सीमा पर शनिवार को दोपहर में सुरक्षा बलों की नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई। बालाघाट जिले के माताघाट इलाके में छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ सीमा क्षेत्र के जंगल में हुई इस मुठभेड़ के बाद नक्सली घंने जंगल का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले। सुरक्षा बलों को मौके से विस्फोटक आदि सामग्री बरामद हुई है। बालाघाट जिले के पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार मार्च 2026 तक नक्सलियों के खात्मे के लक्ष्य के साथ जिले के जंगलों में भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किया है। नक्सली उन्मूलन अभियान के तहत, हॉक फोर्स, सीआरपीएफ और कोबरा जैसी सुरक्षा बलों की कंपनियों के साथ-साथ जिला पुलिस के अधिकारियों और जवानों को भी तैनात किया गया है। इन सभी कर्मियों को नक्सली गतिविधियों और जंगली इलाकों का अच्छा अनुभव है। उन्होंने बताया कि शनिवार को दोपहर करीब 12:30 बजे सुरक्षाबलों की विशेष टीम क्षेत्र में सर्चिंग कर रही थी, तभी जंगल में छिपे नक्सलियों ने गोलियां चलाना शुरू कर दीं। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया। दबाव बढ़ने पर नक्सली अपना डेरा मौके पर ही छोड़कर घने जंगल की ओर भाग निकले। घटनास्थल से सुरक्षाबलों को नक्सलियों के दैनिक उपयोग की सामग्री, विस्फोटक, वायर, बैटरी, दवाइयां, कपड़े और राशन के पैकेट मिले हैं।

### जयशंकर की दो टूक...

## भारत-रूस संबंध सबसे स्थिर,किसी देश के पास इन पर वीटो का अधिकार नहीं



**नई दिल्ली,06 दिसम्बर 2025।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि कोई भी बाहरी शक्ति हमारे द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित या निर्देशित नहीं कर सकती है। एक निजी समाचार पत्र के कार्यक्रम में विदेश मंत्री ने रूसी राष्ट्रपति की हालिया यात्रा के बाद भारत-अमेरिका संबंधों में संभावित जटिलताओं के बारे में चिंताओं को सीधा संबोधित किया। रूस के साथ भारत के संबंधों पर पड़ रहे भू-राजनैतिक दवाबों पर जयशंकर से स्पष्ट रूप से कहा,'किसी भी देश के लिए दूसरे देश के साथ भारत से संबंधों पर वीटो लगाना अनुचित है। जब जयशंकर से पूछा गया कि क्या पुतिन की हालिया यात्रा भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक समझौते पर असर डालेगी? तो जवाब में उन्होंने कहा कि किसी भी देश के लिए यह कि उसे दूसरों के साथ अपने संबंध विकसित करने में वीटो या अपनी बात कहने का अधिकार हो, यह उचित प्रस्ताव नहीं है। क्योंकि याद रखें दूसरे भी यही उम्मीद रख सकते हैं। हमने कई बार स्पष्ट किया है कि हमें चुनाव करने की आजादी है। विदेश मंत्री ने जोर देकर कहा कि विश्व में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक देशों के साथ सहयोग बनाए रखना तथा विकल्प की स्वतंत्रता प्राप्त करना भारत के लिए महत्वपूर्ण है।

### इंडिगो की सेवाएं ठप...एयरपोर्ट पर यात्रियों का हंगामा...

## इंडिगो संकट के बीच बढ़ते हवाई किराए पर लगी रोक

**नई दिल्ली,06 दिसम्बर 2025।** बीते पांच दिनों में इंडिगो की 2000 से ज्यादा उड़ानें रद्द होने से हजारों यात्री प्रभावित हुए हैं। इसे मद्देनजर रखते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शनिवार को एयरलाइन को निर्देश दिया कि वह रद्द उड़ानों के लिए किराया वापसी की प्रक्रिया रविवार शाम तक पूरी कर ले। मंत्रालय ने यह भी कहा कि एयरलाइन सुनिश्चित करे कि यात्रियों का सामान भी अगले दो दिनों में पहुंचा दिया जाए।

### रिफंड को लेकर सरकार के सख्त निर्देश

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की ओर से शनिवार को पांचवें दिन 1,000 से अधिक उड़ानें रद्द करने से पैदा हुई दिक्कतों के एक दिन बाद मंत्रालय ने कहा कि रिफंड प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी या गैर-अनुपालन पर तत्काल नियामक कार्रवाई की जाएगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सभी रद्द या बाधित उड़ानों के लिए किराया वापसी की प्रक्रिया रविवार रात 8 बजे तक पूरी हो जानी चाहिए। जारी निर्देश में कहा गया है, 'एयरलाइंस को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे उन यात्रियों से कोई रीशेड्यूलिंग शुल्क न वसूलें जिनकी यात्रा पर रद्दीकरण का असर पड़ा है।'




### सरकार के निर्देश पर क्या बोला इंडिगो?

इंडिगो ने ट्वीट कर कहा है कि हाल की घटनाओं के मद्देनजर यात्रियों के रद्दीकरण के सभी रिफंड स्वचालित रूप से लौट जाएंगे। इंडिगो ने कहा कि हम 5 दिसंबर 2025 और 15 दिसंबर 2025 के बीच यात्रा के लिए आपकी बुकिंग के सभी रद्दीकरण/पुनर्निर्धारण अनुरोधों पर पूरी छूट देंगे।

### देशभर में 400 से ज्यादा उड़ानें रद्द

शनिवार को देशभर के अलग-अलग हवाई अड्डों पर 400 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। इंडिगो को समर्पित यात्री सहायता और रिफंड सुविधा प्रकोष्ठ स्थापित करने का भी निर्देश दिया गया है। निर्देश के अनुसार इन प्रकोष्ठों को प्रभावित यात्रियों से सक्रिय रूप से संपर्क करने और यह सुनिश्चित करने का कार्य सौंपा गया है कि रिफंड और वैकल्पिक यात्रा व्यवस्थाएं कई बार अनुवर्ती कार्रवाई किए बिना ही पूरी हो जाएं।

## भारत ग्लोबल इकोनॉमी का ग्रोथ ड्राइवर बन रहा,जब दुनिया में स्लोडाउन की बात होती है भारत ग्रोथ की कहानी लिखता है : पीएम मोदी

**नई दिल्ली,06 दिसम्बर 2025।** प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि आज दुनिया अनिश्चितताओं से भरी है। फिर भी इस दौर में हमारा भारत एक अलग लीग में दिख रहा है। भारत आत्मविश्वास से भरा है। जब दुनिया में स्लोडाउन की बात होती है भारत ग्रोथ की कहानी लिखता है। पीएम मोदी दिल्ली में हिंदुस्तान टाइम्स के लीडरशीप समिट में शामिल हुए हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब दुनिया में ट्रस्ट की क्राइसिस होती है तब भारत पिलर बनता है। पीएम ने कहा, कुछ दिन पहले भारत के जीडीपी आंकड़े आए जिसमें 8% से ज्यादा ग्रोथ हो रही है। ये सिर्फ नंबर नहीं है ये स्ट्रांग मैक्रो इकोंनामिकल सिग्नल है। यह संदेश है भारत ग्लोबल इकोनॉमी का ग्रोथ ड्राइवर बन रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी 7 की इकोनॉमी औसतन 1.5% के पास है इन परिस्थितयों में भारत लो इंफ्लेशन मॉडल बना है। एक समय देश में ज्यादा महंगाई को लेकर चिंता जताते थे आज वे कम होने की बात करते हैं।



### पीएम मोदी की बड़ी बातें...

हमें यह समझना होगा कि ट्रांसफॉर्मेशन का विश्वास पैदा हुआ है उसका आधार वर्तमान में हो रहे कामों की एक मजबूत नींव है। आज की परफॉर्मेंस हमारे कल के ट्रांसफॉर्मेशन का रास्ता बना रही है।

भारत के एक सामर्थय का बड़ा हिस्सा लंबे समय तक अनटैप रहा है। जब देश की इस अनटैप पोटेंशियल को ज्यादा अवसर मिलेंगे जब वे देश के विकास में भागदीदार बनेंगे तो देश का कायाकल्प होना तय है। हमारा पूर्वी भारत, गांव, नारी शक्ति, छोटे शहर, यूथ पॉवर, ब्लू इकोनॉमी का इस्तेमाल पहले के दशकों में हो ही नहीं पा रहा था।

## रूसी डेलिगेशन से बात करके मजा आया : शशि थरूर



**नई दिल्ली,06 दिसम्बर 2025।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को बताया कि 5 दिसंबर को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए आयोजित डिनर में शामिल हुआ था। वहां का माहौल बहुत अच्छा और दिलचस्प था। रूसी डेलिगेशन के साथ बातचीत करके मजा आ गया। थरूर ने एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। इस डिनर में लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को न्योता नहीं मिला था। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने थरूर के डिनर में जाने पर सवाल उठाए। खेड़ा ने कहा कि बड़े नेताओं को न बुलाया जाए और थरूर को बुलाया जाए तो यह खेल समझना चाहिए। थरूर ने कहा कि विदेश मामलों की कमेटी चेयरमैन होने के नाते न्योता मिला और वे जरूर जाएंगे।

## बंगाल में निलंबित टीएमसी विधायक ने बाबरी की नींव रखी

### मौलवियों के साथ फीता काटा,2 लाख से ज्यादा लोग मस्जिद के लिए ईंट लेकर पहुंचे

**कोलकाता,06 दिसम्बर 2025।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर बनने वाली मस्जिद की आधारशिला रखी। कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंच पर मौलवियों के साथ फीता काटकर औपचारिकता पूरी की। इस दौरान नारा-ए-तकबीर,अल्लाहु अकबर के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में 2 लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ जुटी। बंगाल के अलग-अलग जिलों से आए लोगों में कोई अपने सिर, कोई ट्रैक्टर-ट्रॉली तो कोई रिक्शा या वैन से ईंट लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा था। कार्यक्रम को लेकर बेलडांगा समेत आसपास का इलाका शनिवार को सुबह से हाई अलर्ट पर है। बेलडांगा और उसके आसपास सेंट्रल आर्म्ड फोर्स की 19 टीमें, रैपिड एक्शन फोर्स,बीएसएफ,स्थानीय पुलिस की कई टीमों समेत 3 हजार से ज्यादा जवान तैनात हैं। हुमायूं कबीर ने 25 नवंबर को कहा था कि वे 6 दिसंबर को अयोध्या में विवादित ढांचे के विध्वंस के 33 साल पूरे होने पर बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखेंगे। टीएमसी ने 4 दिसंबर को हुमायूं कबीर को पार्टी से सस्पेंड कर दिया था।



**सऊदी से धार्मिक नेता पहुंचे, 150 फीट लंबा स्टेज तैयार हुआ :** बारी मस्जिद के शिलान्यास कार्यक्रम में सऊदी अरब से धार्मिक नेता पहुंचे थे। 25 बीघा जमीन पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। हुमायूं कबीर ने पहले ही 3 लाख से ज्यादा लोगों के जुटने का अनुमान जताया था। कार्यक्रम के लिए 150 फीट लंबा और 80 फीट चौड़ा स्टेज तैयार किया गया था। स्टेज पर 400 से ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए 60 हजार से ज्यादा बिरयानी पैकेट तैयार कराए गए थे। 2 हजार से ज्यादा वॉलंटियर्स ने व्यवस्था को संभाला।

### हुमायूं कबीर बोले...मस्जिद निर्माण रोकने की साजिशें रची गईं...

**कार्यक्रम से पहले हुमायूं कबीर ने शनिवार को कहा था कि हिंसा भड़काकर कार्यक्रम को बाधित करने की साजिशें रची जा रही हैं, लेकिन मैं बेलडांगा में मस्जिद की नींव रखूंगा। कोई भी ताकत इसे रोक नहीं सकती। हम कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करेंगे।**

### हाईकोर्ट ने मस्जिद निर्माण पर रोक से इनकार किया था...

**कोलकाता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मस्जिद निर्माण पर रोक लगाने से इनकार किया था। कोर्ट ने कहा- कार्यक्रम के दौरान शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद हुमायूं कबीर ने मस्जिद की नींव रखी।**

## विश्वविद्यालयों में भारत के भविष्य के लिए प्रतिभा को बढ़ावा देना चाहिए : गोयल

**नई दिल्ली,06 दिसम्बर 2025।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि किसी विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिभाशाली प्रतिभाओं को वापस लौटने के लिए प्रोत्साहित करने, उनकी क्षमताओं को निखारने और उन्हें एक ऐसा मंच प्रदान करने से बड़ा कोई योगदान नहीं हो सकता, जो उनकी क्षमता को पहचाने और उसका सम्मान करे। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने नोएडा स्थित एमिटी विश्वविद्यालय के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने ऑनलाइन और कैंपस में शिक्षा प्राप्त करने वाले लगभग 29,000 छात्रों के स्नातक बैच को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों और पुरस्कार विजेताओं की उपलब्धियाँ ही इस समारोह का मुख्य आकर्षण हैं। गोयल ने छात्रों को प्रदान किए जाने वाले विविध अवसरों का उल्लेख किया और छात्रवृत्तियों के माध्यम से योग्यता के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता की सराहना की जो आवश्यकता-रहित प्रवेश को संभव बनाती हैं। उन्होंने अपने संबोधन में इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि आधी छात्र संख्या युवा महिलाओं की है और उन्होंने विश्वविद्यालय की मजबूत नवाचार संस्कृति की प्रशंसा की जहाँ छात्रों के पास 450 से अधिक पेटेंट हैं। वाणिज्य मंत्री ने इस बात पर भी ध्यान दिलाया कि 50 संकाय सदस्य रामलिंगम स्वामी फेलो हैं जो राष्ट्र की सेवा के लिए वापस लौटे हैं। केंद्रीय मंत्री ने स्नातक छात्रों को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि अगले 25 वर्ष विकसित भारत के लिए निर्णायक युग होंगे।



### अमेरा खुली खदान प्रकरण पर ग्रामीण-भाजपा-एससीईएल की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

# ग्रामीणों की मांगों पर सहमति,समाधान हेतु 07 दिसंबर को प्रशासन के साथ संयुक्त बैठक होगी

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,06 दिसम्बर 2025
(घटती-घटना)।

अमेरा खुली खदान क्षेत्र में विगत दिनों पुलिस और ग्रामीणों के बीच हुए पथराव तथा विपक्षियों द्वारा फैलाए गए दुष्प्रचार की पृष्ठभूमि में आज दिनांक 06 दिसंबर को ग्राम परसोंडी कला में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में ग्रामीण प्रतिनिधि मंडल, जिला भाजपा अध्यक्ष भरत सिंह सिसोदिया के साथ वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी तथा एससीईएल अमेरा खदान के जीएम संजय कुमार सहित खदान प्रबंधन की टीम उपस्थित रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की वास्तविक समस्याओं को समझना, स्थिति को शांत करना तथा उनके समाधान के लिए ठोस रणनीति तैयार करना रहा। उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने मिलकर ग्रामीणों की मांगों को विस्तारपूर्वक सुना और समाधान हेतु सहमति बनाई। बैठक में उठाए गए प्रमुख मुद्दों में जमीन के बदले नौकरी प्रदान करने की नीति में पारदर्शिता लाने और पात्र परिवारों को प्राथमिकता देने पर सहमति,



वर्ष 2025 के मुआवजा वितरण को सरल, त्वरित व पारदर्शी बनाने के लिए नई प्रक्रिया विकसित करने पर चर्चा, विस्थापन प्रक्रिया को न्यायसंगत,सुव्यवस्थित और ग्रामीण हितैषी बनाने हेतु खदान प्रबंधन व जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त योजना बनाने का निर्णय,हाल में हुए पथराव प्रकरण में ग्रामीणों पर दर्ज मामलों की समीक्षा कर उन्हें यथासंभव हल कराने के लिए प्रयास करने पर चर्चा तथा 07 दिसंबर को गांव प्रतिनिधि मंडल,मंडल व जिला स्तर के पदाधिकारियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित करने पर सहमति, ताकि सभी मुद्दों पर एक साथ समाधान खोजा जा सके। जिला भाजपा अध्यक्ष भरत सिंह सिसोदिया ने कहा कि ग्रामीणों के हित भाजपा के लिए सर्वोपरि हैं। समस्याओं के समाधान हेतु सभी जनप्रतिनिधि,खदान प्रबंधन एवं प्रशासन एकजुट होकर कार्य करेंगे, जिससे क्षेत्र में तनाव व भ्रम समाप्त हो और ग्रामीणों को अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। एससीईएल अमेरा खुली खदान के जीएम संजय कुमार ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि खदान प्रबंधन हर संभव सहयोग करेगा और सभी मुद्दों को प्राथमिकता के साथ हल करने का प्रयास किया जाएगा।

#### उपस्थित प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण

बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता हरपाल सिंह भामरा, मधुसूदन शुक्ला,दिनेश गुप्ता,दिनेश साहू,निलेश सिंह, मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी,जन्मजय मिश्रा,सुभाष अग्रवाल,सुरेंद्र साहू,कामेश्वर राजवाड़े,महेश्वर राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे। ग्रामीण प्रतिनिधियों में जगत सिंह,राम कुमारी सिंह,भोला राजवाड़े, मोहन राजवाड़े,अनिल राजवाड़े,सुदर्शन मानिकपुरी सहित अनेक ग्रामीण बड़ी संख्या में बैठक में शामिल हुए।

# जिम से घर पहुंचे युवक ने लगाई फांसी,वीडियो रिकॉर्ड कर बोला...ये तीनों मेरी मौत के जिम्मेदार

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,06 दिसम्बर 2025
(घटती-घटना)।

शहर के बौरीपारा शिकारी रोड निवासी 25 वर्षीय एक युवक ने शुक्रवार की रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर सुबह कोतवाली पुलिस व सीएसपी मौके पर पहुंचे और शव उतारकर पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। आत्महत्या से पहले युवक ने एक वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसमें उसने 3 लोगों का नाम लेते हुए उन्हें अपनी मौत का कारण बताया है। उसने बताया कि जिम से निकलने के बाद उसका उन युवकों से विवाद हुआ था। पुलिस वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर रही है। शहर के बौरीपारा शिकारी रोड निवासी परम तिवारी पिता आदित्य नारायण तिवारी 25 वर्ष शुक्रवार की शाम अग्रसेन चौक से लगे जिम गया था। 7 बजे वह जिम से अपने दोस्त के साथ बाहर निकला। यहां दोस्त का दोस्त खड़ा था। वहां से तीनों साथ निकले तो अग्रसेन चौक के पास अन्य युवकों से उनका विवाद हो गया। यहां से सभी अपने-अपने घर चले गए। इसके बाद परम तिवारी ने रात में पंखे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह उसका शव घरवालों ने देखा तो कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीएसपी व कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को उतरवाकर पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया।

#### मौत से पहले किया वीडियो रिकॉर्ड

युवक ने आत्महत्या करने से पहले अपने मोबाइल में एक वीडियो रिकॉर्ड किया है, जिसमें उसने अपनी मौत का कारण शहर के महुआपारा निवासी छोटू पंडित उर्फ छोटू मिश्रा,बुद्धि पंडित व विक्रांत



उर्फ प्रांजल मिश्रा को बताया है। वीडियो में उसने कहा कि अग्रसेन चौक में हुए विवाद के बाद ये तीनों उसके घर पहुंचे थे और उसके माता-पिता व भाई को प्रताड़ित कर रहे थे।

**वीडियो के आधार पर पुलिस कर रही जांच** : पुलिस ने वीडियो को सुसाइड नोट मानकर जब्त किया है। उक्त वीडियो के आधार पर पुलिस तीनों युवकों से पूछताछ कर रही है। इधर युवक की मौत से उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पीएम पश्चात पुलिस ने शव उसके परिजनों को सौंप दिया है।

### रिंग रोड अंबिकापुर स्थित गोविंदम होटल परिसर से चोरी गई कार सरकंडा बिलासपुर से जप्त

# रिकवरी की गई कार को दूसरी चाबी लगाकर चोरी करने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार,प्रकरण में चोरी की गई वहां एवं दूसरी चाभी जप्त

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,06 दिसम्बर 2025
(घटती-घटना)।

चोरी के उक्त मामले के संबंध में बताया गया कि दिनांक 26.11.2025 को आवेदक धर्मेंद्र तिवारी पिता रामकुमार तिवारी निवासी शांतिनगर राजनगर जिला अनूपपुर ने थाना मणिपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया की वाहन रिकवरी कंपनी द्वारा सीज की गई मारुति सुजुकी FRONX कार क्रमांक CG11BQ 9992 कीमती करीब 700000.00 रूपये दिनांक 22/11/2025 को वाहन स्वामी हामिद खान पिता छोटे खान उम्र 55 वर्ष थाना बलौदा बाजारपारा अकलतरा चौक जिला जांजगीर चांपा द्वारा कि नहीं पटाया जाने एवं रिकवरी कंपनी के नोटिस का जवाब नहीं देने पर वहां को कंपनी



द्वारा रिकवर कर गोविंदम होटल कैंपस में खड़ा किया गया था जिसे रात्रि में कोई अज्ञात व्यक्ति गोविंदम होटल कैंपस से चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के विरुद्ध अपराध क्रमांक 321/2025 धारा 331 (4), 305(ए) बी एन एस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया बी एन एस पंजीबद्धकर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान मणिपुर पुलिस टीम द्वारा चोरी हुए वाहन एवं आरोपियों की पता तलाश की जा रही थी। मुखबिरों से मिली सूचना एवं साइबर सेल के तकनीकी सहयोग से पुलिस टीम सरकंडा बिलासपुर पहुंची जहां चोरी गई वाहन सादिक हुसैन, हामिद खान,मिथिलेश केवत्य के कब्जे से चोरी गई कार कीमती 700000 जप्त की गई एवं आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिन्होंने उक्त वाहन अंबिकापुर होटल परिसर से चोरी करना स्वीकार किया आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने पर तथा प्रकरण में अपराध की प्रकृति अनुसार धारा 238 (ग) बी एन एस जोड़ी गई है।

विवेचना कार्रवाई करते प्रकरण के तीनों आरोपी आरोपी 1. सादिक हुसैन पिता हामिद खान 20 वर्ष निवासी बलोदा बाजार पर अकलतरा चौक थाना बलौदा जिला जांजगीर चांपा 2. मिथिलेश केवत्य उर्फ बिट्टू पिता संजय कुमार विश्वास निवासी बकरेल बजरंग चौक थाना बलौदा जिला जागीर चांपा 3. हामिद खान पिता छोटे खान उम्र 55 वर्ष थाना बलौदा बाजारपारा अकलतरा चौक जिला जांजगीर चांपा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# तृतीय सोपान शिविर सहित अन्य मुद्दों पर स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ की हुई बैठक

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,06 दिसम्बर 2025
(घटती-घटना)।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन कमिश्नर सुरगुजा डॉ. दिनेश कुमार झा की अध्यक्षता में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ-सुरगुजा के जिला पदाधिकारियों एवं ब्लॉक सचिवों की पहली जिला स्तरीय बैठक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडा बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई, जिनमें तृतीय सोपान शिविर, स्काउटर-गाइडर बेसिक प्रशिक्षण शिविर, राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जम्बूरी (बालोद) में सहभागिता, राज्य पुरस्कारों में स्काउट-गाइड विद्यार्थियों की भागीदारी तथा जिला व ब्लॉक स्तर के वार्षिक कार्यक्रमों की रूपरेखा शामिल रही। बैठक में अंशदान एवं



पंजीयन राशि की अद्यतन जानकारी,जिला पदाधिकारियों एवं ब्लॉक सचिवों के कार्यों की समीक्षा तथा आगामी गतिविधियों की तैयारी पर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. झा ने सभी विषयों पर जिला संघ की योजनाओं को सहर्ष अनुमति देते हुए स्काउटिंग गतिविधियों को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग एवं गाइडिंग को विद्यालय स्तर से लेकर ब्लॉक और जिला स्तर तक एक रोल मॉडल की तरह प्रस्तुत करना है, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इससे प्रेरित होकर जुड़ सकें। बैठक में जिला संघ सचिव महेंद्र सिंह, सह सचिव रेशमा लकड़ा, प्रभारी सचिव एस.के. सिसादरी, प्रशिक्षक मनीष गुप्ता,पुष्पिका मिंज, ब्लॉक सचिव बतौली मनीषा तिर्की,लुंड्रा सचिव प्रिंसिपल कुजूर,सीतापुर सचिव अनुप्रेमा भगत, उदयपुर सचिव शीतल जायसवाल, राष्ट्रपति रोवर विवेक सोनी एवं सीनियर रोवर आकाश मुड़ा उपस्थित रहे।

# चाची-भतीजी से झारखंड के 3 युवकों ने जंगल में किया गैंगरेप विवाहिता ने लगाई फांसी,एएसआई सस्पेंड,एसआई लाइन अटैच

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,06 दिसम्बर 2025
(घटती-घटना)।

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के सनावल थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी चाची व नाबालिग भतीजी से गैंगरेप का मामला सामने आया है। 7 नवंबर की दोपहर झारखंड के 3 युवकों ने जंगल में लकड़ी लेने गए चाची-भतीजी से सामूहिक बलात्कार किया था। आरोपियों ने उन्हें धमकी भी दी थी कि यदि किसी को कुछ बताया जो जान से मार डालेंगे। उसी रात महिला ने डर की वजह से फांसी लगा ली थी। बाद में पति व नाबालिग के पिता ने सनावल थाने में मामले की शिकायत की थी,लेकिन पुलिस ने न तो एफआईआर दर्ज किया और न ही मामले की जांच की। इसके बाद परिजन ने नवंबर माह में इसकी शिकायत आईजी से की। आईजी ने मामले की जांच कराई



तो नाबालिग से गैंगरेप की पुष्टि हुई। इसके बाद इसमें 2 एफआईआर दर्ज की गई। मामले में लापरवाही बरतने पर आईजी ने सनावल एएसआई को सस्पेंड तथा थाना प्रभारी एसआई को लाइन अटैच कर दिया। बताया जा रहा है कि 7 नवंबर को 25 वर्षीय महिला अपनी 14 वर्षीय भतीजी के साथ लकड़ी लेने जंगल गई थी। इस दौरान झारखंड के कुसुमियादामर निवासी सैयद अली (21),फैयाज अंसारी (22) और सोनू अंसारी (30) ने उनके साथ गैंगरेप किया। इसके बाद उन्होंने दोनों को धमकी दी कि यदि किसी को कुछ बताया तो हत्या कर देंगे। फिर महिला व भतीजी घर पहुंचे।

# सरगुजा के कहांर समाज-महिला विंग की प्रथम मासिक बैठक संपन्न

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,06 दिसम्बर 2025
(घटती-घटना)।

अम्बिकापुर के माँ महामाया मंदिर परिसर में कहांर समाज महिला विंग की प्रथम मासिक बैठक संपन्न हुई इस अवसर पर विभिन्न मुददों पर विस्तार से चर्चा की गयी एवं समाजहित में रणनीति तैयार करने का प्रयास किया गया। इस बैठक का आयोजन कहांर समाज की सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता साधना कश्यप की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का मूल उददेश्य कहांर समाज की महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाये जाने के साथ-साथ समाज में व्याप्त कुरीतियो को दूर करना,महिलाओं और बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए वातावरण तैयार किया जाना रहा। अपने उदबोधन में सामाजिक कार्यकर्ता साधना कश्यप द्वारा बताया कि आगामी समय में समाज से जुडे हुए अन्य गणमान्य नागरिकों को भी इस संगठन से जोडा जावेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि कहांर समाज (महिला विंग) के इस संगठन में पदाधिकारियों का चयन जल्द ही किया जावेगा इस अवसर पर बैठक



में उपस्थित समाज के महिलाओं द्वारा सर्वसम्मति से कहांर समाज की सदस्य एवं लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता को महिलाओ के प्रतिनिधि के रुप में संरक्षक स्वीकार किया एवं भविष्य में इस संगठन में महिलाओं की सक्रिय सदस्यता एवं जुडाव हो जाने के उपरांत लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनाव कर समाज की अन्य महिला सदस्यों को अध्यक्ष,उपाध्यक्ष, सचिव जैसे पदों पर समाज हित में दायित्व प्रदान कर आसिन कराया जावेगा, जिनके माध्यम से सामाजिक स्तर पर विभिन्न सामाजिक,सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगे। साथ ही संगठन से जुडने के लिए किसी प्रकार का शुल्क नही लिया जावेगा। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि घरेलु महिलाओं को जो शिक्षित हो अथवा अशिक्षित उन्हे योग्यता अनुसार महिला स्व सहायता समूह,लघुउघोग, कुटिर उद्योग जैसे लघु उद्यम से जोडा जावे,उन्हे साक्षर बनाया जावे,आर्थिक रुप से कमजोर परिवार के बच्चों के विवाह,शिक्षा,एवं समाज के अनाथ बच्चों के समस्याओ का यथासंभव निराकरण किया जा सके एवं संगठन से जुडे सदस्यों के आर्थिक,सामाजिक,निजी समस्याओं का निराकारण करने का प्रयास किया जावेगा,साथ ही समाज की महिलाओं नवयुवको-नवयुवतियों को संगठन में शामिल कर उन्हे आर्थिक स्तर पर स्वावलंबी बनाने का कार्य किया जावे। आगामी समय में नगर से दुर निवासरत समाज की महिलाओं,युवतियो को तकनीक का सहारा लेते हुए वीसी के माध्यम से समाज के कार्यक्रमों में शामिल कराया जावेगा, एवं जो महिलाएं युवतियां कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम का हिस्सा बन सकेगी उन्हे सहर्ष कार्यक्रम में शामिल कराया जावेगा। इस अवसर पर कहांर समाज की महिला सदस्य सुषमा कश्यप,सुभद्रा कश्यप,अर्चना कश्यप, अराध्या कश्यप,श्रुष्टि कश्यप,मोनिका कश्यप,पुष्पा कश्यप,रेखा कश्यप,सुम्मी कश्यप,शारदा कश्यप,चन्दा कश्यप,आदि का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा।



# अवैध रेत उत्खनन करते पाये जाने पर 03 ट्रैक्टर जब्त

-संवाददाता-

**बलरामपुर 06 दिसम्बर 2025** (घटती-घटना)। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने जिले में खनिज के अवैध उत्खनन को रोकने के लिए उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। जिसके तहत् राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध उत्खनन करने वालों पर के ी कार्यवाही की जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वाड्रफनगर श्री नीरनिधि नंदेहा के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम द्वारा अवैध उत्खनन व परिवहन करने वालों पर कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार 03 ट्रैक्टर के द्वारा ग्राम जमाई के लोदी नदी में रेत का अवैध उत्खनन कर लोड किया जा रहा था, जिसे जब्त कर बसंतपुर थाना को सुपुर्द किया गया।

# सरगुजा में कड़ाके की ठंड,न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,06 दिसम्बर 2025
(घटती-घटना)।

उत्तरी हवाओं के तेज़ रूख के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है,जिससे मैदानी इलाकों से लेकर पाट क्षेत्रों तक कड़ाके की ठंड ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर दिया है। अंबिकापुर में इस सीजन का सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि मैनपाट व सामरीपाठ जैसे इलाकों में तापमान 4 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। इन क्षेत्रों में शनिवार सुबह पाला भी देखा गया,जिससे खेतों और पौधों पर ओस की बूंदें जम गई। जो सफेद परत में बदल गई। मौसम विभाग के अनुसार नवंबर में रिकॉर्ड ठंड के बाद दिसंबर की शुरुआत से ही सरगुजा में शीतलहरों का दौर तेज होने लगा है। कुछ दिन पहले चक्रवाती प्रभाव के चलते आसमान में बादल छाए थे, जिससे तापमान में हल्की बढ़ोतरी हुई थी, लेकिन जैसे ही बादल हटे, उत्तरी हवाएं तेजी से क्षेत्र में प्रवेश कर गई। परिणामस्वरूप न्यूनतम तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई। पिछले 24 घंटे में अंबिकापुर का तापमान 7.4 डिग्री से गिरकर 4.6 डिग्री पर पहुंच गया। वहीं अधिकतम तापमान भी 24 डिग्री के आसपास बना हुआ है, जिससे दिन में भी ठंड का असर महसूस किया जा रहा है। लगातार गिरते तापमान का असर जनजीवन पर स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है।



विशेषकर बच्चे और बुजुर्ग ठंड से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। पाट क्षेत्रों में शाम ढलते ही सन्नाटा पसरने लगा है। सरगुजा के मैनपाट व बलरामपुर के समरीपाठ का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री से नीचे है।

मैनपाट में शनिवार की सुबह ओस की बूंदे जमी हुई नजर आई। पुआल के ढेर वह सब्जी व अन्य पौधों पर जगह-जगह उसकी बंदे जमी हुई नजर आई। ठंड के साथ कोहरे ने भी लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सुबह के समय नेशनल और स्टेट हाईवे पर घना कोहरा छाया, जिससे वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई। दृश्यता कम होने के कारण कई स्थानों पर यातायात प्रभावित हुआ। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि न्यूनतम तापमान में और गिरावट के साथ कोहरा आने वाले दिनों में भी परेशानी खड़ी कर सकता है। मौसम विज्ञानी एएम भट्ट ने बताया कि आसमान साफ होने और उत्तरी हवाओं के सक्रिय होने से ठंड में बढ़ोतरी हो रही है। आगामी दिनों में भी कड़ाके की ठंड का सिलसिला थमने की संभावना कम है। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय जरूर हो रहा है, लेकिन उसकी ताकत कम होने के कारण इससे तापमान में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा कि शीतलहरों के चलते न्यूनतम तापमान 4 डिग्री या उससे नीचे जा सकता है।

# ग्राम बकिरमा में महा परीक्षा अभियान को लेकर निकाली गई मशाल रैली शिक्षा के प्रति दिया जागरूकता का संदेश



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,06 दिसम्बर 2025
(घटती-घटना)।

जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा डॉ. दिनेश कुमार झा के नेतृत्व में अंबिकापुर विकासखंड के ग्राम बकिरमा में महा परीक्षा अभियान के प्रति जागरूकता और सकारात्मक माहौल तैयार करने हेतु मशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत 'ले मसाले चल पड़े हैं लोग मेरे गांव के' गीत और साक्षरता संबंधी नारों के साथ हुई, जिसने पूरे गांव में शिक्षा के प्रति उत्साह और जागरूकता का वातावरण बना दिया। इस उत्साहपूर्ण रैली में ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती सोनू तिग्गा, पंच गण, गांव के स्वयंसेवी शिक्षक, महिलाएं,स्कूली विद्यार्थी, जिला परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता, विकास खंड परियोजना अधिकारी कमलेश वर्मा, सत्यनारायण भगत,जन शिक्षण संस्थान के निदेशक एम. सिद्दीकी, डबल राय,सुनिता दास,सचिव, रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं युवा शामिल हुए। मशाल रैली के दौरान अधिकारियों ने गांववासियों से महा परीक्षा अभियान को सफल बनाने, बच्चों की पढ़ाई में सहयोग देने और शिक्षा के महत्व को समझाने की अपील की।

# तेज रफ्तार कार ने युवक को मारी टक्कर,फिर घसीटते ले गया 200 मीटर,मौत से बिफरे लोगों ने कार में लगाई आग

## आग लगाने के दौरान कार में ही बैठा था आरोपी चालक,बाद में कूदकर बचाई जान,लोगों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले,आग से कार जलकर खाक





शमरोज़ खान

**सूरजपुर/अंबिकापुर,06 दिसम्बर 2025 (घटती-घटना)।** बनारस स्टेट हाइवे पर सूरजपुर जिले के भटगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत जरही स्थित पेट्रोल पंप के सामने गुरुवार की रात तेज रफ्तार एक्सयूवी कार ने 20 वर्षीय युवक को टक्कर मार दी। युवक अन्य लोगों के साथ ट्रैक्टर से सड़क पर गिरे पैरा उठा रहा था। टक्कर से युवक कार के नीचे फंस गया, जिसे घसीटते हुए कार करीब 200 मीटर दूर तक ले गया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना से गुस्साए लोगों ने कार को आग के हवाले कर दिया। इस दौरान चालक ने कूदकर जान बचाई। उसे लोगों ने पकड़कर पीटा फिर पुलिस के हवाले कर दिया। आग से कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। भटगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोरंधा निवासी हृदय लाल राजवाड़े पिता हिम्मत लाल राजवाड़े 20 वर्ष गांव के किसानों के साथ ट्रैक्टर में पैरा लोड कर घर लौट रहा था। इसी बीच ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर जरही स्थित पेट्रोल पंप मोड़ के पास पलट गया। इसके बाद किसानों के साथ युवक सड़क पर गिरे पैरा को उठा रहा था। इसी दौरान अंबिकापुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार एक्सयूपी 700 कार क्रमांक सीजी 15 ईएच-2400 अनियंत्रित होकर पहले सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई और फिर युवक को टक्कर मार दी।

**गुस्साई भीड़ ने कार को किया आग के हवाले :** हादसे की खबर मिलते ही आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। हादसा देख उनके रोंगटे खड़े हो गए और वे गुस्से से बिफर पड़े। फिर उन्होंने कार को आग के हवाले कर दिया। देखते ही देखते कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। इसके बाद लोगों ने चालक को कार से निकालकर पीटा और भटगांव पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया और उसे थाने ले गई। वहीं पुलिस ने स्टेट हाइवे से भीड़ को हटाकर आवागमन शुरु कराया। इससे पूर्व पुलिस ने युवक का शव बरामद कर अस्पताल भिजवाया। शुक्रवार की सुबह पीएम पश्चात शव परिजन को सौंप दिया गया। युवक की मौत से उसके परिजन व गांव में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

### भाजपा सरगुजा का पीड़ित परिवारों से मिलकर न्याय का आश्वासन

## सीतापुर में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों द्वारा की गई मारपीट एवं कथित देश-विरोधी नारेबाजी का मामला

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,06 दिसम्बर 2025 (घटती-घटना)।



भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व एवं महापौर मंजूषा भगत की विशेष उपस्थिति में एक प्रतिनिधि मंडल ने सीतापुर के ओराँव पारा में पहुँचकर हाल ही में मारपीट के शिकार पीड़ित परिवारों से भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने निहाल खलखो पिता-रामदेव, अमन खेस पिता-प्रकाश और नवीन पैकरा पिता-सुखसाय पैकरा के घर जाकर घटना की पूरी जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें हर स्तर पर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। मुलाकात के दौरान कुछ अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों द्वारा की गई मारपीट एवं कथित देश-विरोधी नारेबाज़ी की जानकारी भी सामने आई। इस पर भारत सिंह सिसोदिया ने दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की बात करते हुए कहा कि 'पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होने तक भाजपा सरगुजा उनका साथ निभाएगी।'तथा भाजपा सरगुजा क्षेत्र में शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था को किसी भी स्थिति में आहत नहीं होने देगी। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री अरुणा सिंह, उपाध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, संयोजक निलेश सिंह, संवाद प्रमुख रुपेश दुबे, श्रवण दास, अनिल अग्रवाल, त्रिलोचन सदावर्ती,भगत सिंह, विजय गुप्ता, संगीता कंसारी, विष्णु अग्रवाल, रविकांत ओराँव सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रजत जयंती वर्ष पर गेउर हरितिमा में वन मंडल स्तरीय वैद्य सम्मेलन आयोजन

## जड़ी-बूटी उपचार पर हुआ विस्तृत अवलोकन,हरितिमा में सौ पौधों का सामूहिक पौधा रोपण किया गया

-संवाददाता-
राजपुर,06 दिसम्बर 2025 (घटती-घटना)।



बलरामपुर जिले के राजपुर स्थित गेउर हरितिमा परिसर में रजत जयंती वर्ष 2025-26 के उपलक्ष्य में वन मंडल स्तरीय वैद्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए पारंपरिक वैद्य एवं जड़ी-बूटी विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों को आयुर्वेदिक औषधियों, जंगलों में पाई जाने वाली दुर्लभ वनस्पतियों और उनके औषधीय उपयोगों का अवलोकन कराया गया।

**वैद्यों के द्वारा बताया गया :** वैद्यों के द्वारा बताया गया कि हमारे वन संपदा में ऐसी कई जड़ी-बूटियां उपलब्ध हैं, जिनसे कैंसर, टीबी, गठिया, ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार में किया जाता है। जिससे उक्त बीमारियों में बीमार से पीड़ित लोगों को लाभ मिलता है।

**ग्रामीणों एवं स्वयंसेवको को दी गई जानकारी:** कार्यक्रम में ग्रामीणों और स्वयंसेवकों को इन औषधीय पौधों की पहचान के साथ उनके सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि आधुनिक चिकित्सा के साथ आयुर्वेदिक उपचार का समन्वय गंभीर रोगों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और कई जड़ी-बूटियों पर वैज्ञानिक अनुसंधान भी जारी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक उदेश्वरी पैकरा एवं वन मंडलाधिकारी आलोक वाजपेयी ने की। युक्त आयोजन में एसडीओ आरएसएल श्रीवास्तव,रैंजर महाजन लाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। अतिथियों ने जड़ी-बूटी आधारित परंपरागत चिकित्सा को संरक्षित करने और आने वाली पीढ़ियों तक इसे पहुँचाने की आवश्यकता पर जोर दिया।इस अवसर पर हरितिमा परिसर में 100 पौधों का सामूहिक पौधारोपण भी किया गया। पौधारोपण में जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विधायक उदेश्वरी पैकरा ने अपने संबोधन में कहा कि जड़ी-बूटी आधारित उपचार न केवल हमारी परंपरा है बल्कि वर्तमान समय में इसकी उपयोगिता और भी बढ़ गई है।

**अंतर्राष्ट्रीय समाचार**

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर फिर गोलीबारी,4 लोगों की मौत

## पीस टॉक के 48 घंटे बाद ही हमला, एक-दूसरे पर पहले अटैक करने का आरोप लगाया



**काबुल/इस्लामाबाद,06 दिसम्बर 2025।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान की चमन-स्पिन बोल्डक बॉर्डर पर एक बार फिर भारी गोलीबारी हुई। गोलीबारी रात करीब 10 बजे शुरू हुई और देर रात तक चलती रही। दोनों देश एक-दूसरे पर हमला शुरू करने का आरोप लगा रहे हैं। गोलीबारी में 4 अफगानी मारे गए और 4 घायल हो गए हैं। अफगान तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान ने सबसे पहले कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक इलाके में हमला किया, जिसके जवाब में उनकी सेना ने जवाबी कार्रवाई की। दूसरी तरफ पाकिस्तानी अधिकारियों का दावा है कि अफगान सेना ने बिना उकसावे के चमन बॉर्डर पर गोलीबारी शुरू की, जिसके बाद पाकिस्तानी फोर्सेस ने मुंहतोड़ जवाब दिया। प्रधानमंत्री के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने कहा, 'पाकिस्तान अपनी सरहद और लोगों की हिफाजत के लिए पूरी तरह सतर्क और तैयार है।' इससे 48 घंटे पहले ही दोनों देशों के बीच शांति वार्ता हुई थी। हालांकि, यह बातचीत बेनतीजा रही। यह ताजा झड़प उस वक्त हुई है जब 2-4 दिसंबर को सऊदी अरब में दोनों देशों के बीच तीसरे शांति वार्ता बिना किसी नतीजे के खत्म हुई थी। हालांकि, दोनों पक्षों ने युद्धविराम को बनाए रखने का वादा किया था,लेकिन तनाव कम नहीं हो रहा। सऊदी अरब से दोनों प्रतिनिधिमंडल 4 दिसंबर अपने देश लौटे थे और 5 दिसंबर की रात को गोलीबारी शुरू हो गई। इससे पहले कतर और तुर्की में भी बातचीत हो चुकी है। चौथा दौर कब और कहां होगा, इसकी कोई तारीख तय नहीं है।

**दोनों देशों के बीच पहले भी हुआ है तनाव :** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच डूरंड लाइन को लेकर लंबे समय से विवाद है। दोनों देश एक-दूसरे पर हमले और आतंकियों को छिपाने का आरोप लगाते रहते हैं। 2021 में अफगानिस्तान हुकूमत पर तालिबान के कंट्रोल के बाद से तनाव और बढ़ गया है। डूरंड लाइन ब्रिटिश काल में भारत और अफगानिस्तान के बीच खींची गई थी। यह दोनों देशों की पारंपरिक जमीन को बांटती है और दोनों तरफ के पठान इसे कभी स्वीकार नहीं करते।

### पाकिस्तान का आरोप- अफगान से आतंकवादी हमले कर रहे...

पाकिस्तान का कहना है कि अफगानिस्तान की जमीन से आतंकवादी हमले कर रहे हैं। तालिबान सरकार इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करती है और कहती है कि पाकिस्तान अपनी अंदरूनी नाकामी का ठीकरा अफगानिस्तान पर फोड़ रहा है। फिलहाल चमन-स्पिन बोल्डक बॉर्डर को पूरी तरह बंद कर दिया गया है और दोनों तरफ भारी संख्या में सैनिक तैनात हैं। आने वाले दिनों में तनाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

### पाकिस्तान ने आधी रात अफगानिस्तान में 3 एयरस्ट्राइक की थी...

पाकिस्तान ने 24 नवंबर की आधी रात को अफगानिस्तान के तीन प्रांत खोस्त, कुनार और पक्तिका में एयरस्ट्राइक की थी। खोस्त पर किए गए हमले में 10 आम लोगों की मौत हो गई, जिनमें 9 बच्चे और एक महिला शामिल थी। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने बताया कि खोस्त प्रांत के मुगलगई इलाके में रात करीब 12 बजे पाकिस्तानी विमानों ने एक घर पर बमबारी की। इस हमले में 5 लड़के, 4 लड़कियां और एक महिला की मौत हो गई थी।

# साउथ अफ्रीका के हॉस्टल में गोलीबारी, 11 की मौत पुलिस बोली- अवैध शराबखाने को लेकर विवाद था




**जोहान्सबर्ग,06 दिसम्बर 2025।** दक्षिण अफ्रीका में प्रिटोरिया के पास एक हॉस्टल में की गई गोलीबारी में 11 लोगों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक कुल 25 लोगों को गोली मारी गई। यह हमला शनिवार तड़के उस वक्त हुआ, जब कुछ लोग हॉस्टल के अंदर मौजूद शराबखाने में शराब पी रहे थे। मरने वालों में 3 साल का बच्चा, एक 12 साल का लड़का और 16 साल की लड़की शामिल हैं। 3 साल का बच्चा उसी अवैध शराबखाने के मालिक का बेटा बताया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता एथलेन्दा मथे ने बताया कि हमले का मकसद फिलहाल साफ नहीं है और अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। यहां अवैध शराबखाने को लेकर विवाद चल रहा था। मृतकों में 10 की मौके पर ही मौत हो गई और एक घायल बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसके अलावा 14 लोग अभी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। अवैध शराबखाने का मालिक भी घायलों में शामिल है।

### हमले वाली जगह पर गैर कानूनी शराबखाना मौजूद

**पुलिस प्रवक्ता एथलेंडा माथे ने बताया कि पुलिस ने 11 हत्या और 14 हत्या के प्रयास के केस दर्ज कर लिए हैं। यह घटना हॉस्टल में चल रहे गैर-कानूनी शराबखाने में हुई। तीन अज्ञात हमलावर लोकल टाइम के मुताबिक सुबह करीब 4:30 बजे अंदर घुसे और लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं।**

### साउथ अफ्रीका में अवैध शराबखाने सरकार के लिए चुनौती

**पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि देश में चल रहे अवैध शराबखाना प्रशासन के लिए चुनौती बन चुका है। माथे ने कहा- बिना लाइसेंस वाले शराबखाने हमारे लिए बड़ी परेशानी हैं, क्योंकि ज्यादातर घटनाएं यहीं होती हैं। यहां झगड़े होते हैं, गलतफहमियां बढ़ती हैं और लोग एक-दूसरे पर हमला कर देते हैं। अप्रैल से सितंबर के बीच हमने ऐसे 11,975 अवैध शराबखाने बंद किए हैं। दक्षिण अफ्रीका दुनिया में सबसे ज्यादा हत्या दर वाले देशों में से एक है। ह के 2023-24 के आंकड़ों के मुताबिक, यहां प्रति एक लाख लोगों पर 45 हत्याएं होती हैं। पुलिस के मुताबिक,अप्रैल से सितंबर के बीच हर दिन औसतन 63 लोगों की हत्या हुई।**

## ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थक बिजनेसमैन पर एक्शन:सरकार ने बैंक अकाउंट फ्रीज किए,आतंकी संगठन बब्बर खालसा को मदद देने का शक



**लंदन,06 दिसम्बर 2025।** ब्रिटेन की सरकार ने एंटी टेररिज्म कानून का इस्तेमाल करते हुए एक ब्रिटिश सिख बिजनेसमैन गुरप्रीत सिंह रेहल के सभी बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं। उन्हें किसी भी कंपनी के डायरेक्टर के तौर पर काम करने से रोक दिया गया है। ब्रिटिश सरकार को रेहल पर भारत में एक्टिव खालिस्तान आतंकी संगठन बब्बर खालसा को आर्थिक मदद देने का शक हैं। सरकार ने 'बब्बर अकाली लहर' नाम के एक ग्रुप पर भी बैन लगाया है। ब्रिटेन के ट्रेजरी डिपार्टमेंट का कहना है कि यह ग्रुप भी बब्बर खालसा के लिए प्रचार करने, लोगों को जोड़ने और उसके लिए फंड जुटाने जैसी एक्टिविटीज में शामिल था।

**ब्रिटेन बोला...आतंकियों को फंड जमा करने से रोकेंगे :** ब्रिटेन की फाइनेंस सेक्रेटरी सचिव लूसी रिग्बी ने कहा कि देश के फाइनेंस सिस्टम का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार हर तरह के कदम उठाने को तैयार है ताकि आतंकवादी किसी भी तरह से फंड इकट्ठा न कर सकें। सरकार का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से ब्रिटेन की सुरक्षा को मजबूत करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि रेहल इन संगठनों के लिए भर्ती कराने, आर्थिक लेन-देन संभालने और यहां तक कि हथियार खरीदने जैसी एक्टिविटी में भी शामिल थे। ब्रिटेन के साथ-साथ खालिस्तानी आतंकी दुनिया भर के कई देशों में एक्टिव हैं। ये अफवाहें फैलाने, लोगों को भड़काने और विदेशों से मदद लेने की कोशिश करते हैं। इन्होंने भारत में भी कई आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया है।

**रेहल से बिजनेस करने पर 7 साल जेल हो सकती है :** सरकार की कार्रवाई के बाद अब ब्रिटेन का कोई भी इंसान या कंपनी रेहल या उनके जुड़े संगठनों को पैसा नहीं दे सकेगी। ऐसा करने पर सात साल की जेल या भारी जुर्माने हो सकता है। ब्रिटिश सरकार का कहना है कि यह कदम आतंकवादी फंडिंग रोकने की दिशा में एक बड़ी और ऐतिहासिक कार्रवाई है। गुरप्रीत सिंह रेहल ब्रिटेन में रहने वाला एक सिख कारोबारी है, जो हाल तक पंजाब वॉरियर्स नाम की एक स्पोर्ट्स इन्वेस्टमेंट कंपनी से जुड़ा था। यह वही कंपनी है जिसने कुछ समय पहले इंग्लैंड के मोरकैम्बे फुटबॉल क्लब को खरीदा था।

# क्या सौरभ मिश्रा 'बहुत बड़े' नेता हैं ?

# शिष्टाचार या शो-ऑफ ?

## क्या मनेन्द्रगढ़ के सौरभ मिश्रा 'बहुत बड़े' नेता हैं?, वरिष्ठ नेताओं के सामने खड़े होने का शिष्टाचार भूल गए ?

-रवि सिंह-

मनेन्द्रगढ़,06 दिसंबर 2025 (घटती-घटना)। मनेन्द्रगढ़ की सभा में वायरल हुए वीडियो ने कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति में हलचल मचा दी है,सफेद कुर्ते में सौरभ मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष के ठीक बगल में दोनों हाथ जेब में डालकर खड़े दिखाई देते हैं,जबकि वरिष्ठ पदाधिकारी फोटो में जगह बनाने की कोशिश करते दिखते हैं,सवाल यही...क्या युवा नेता मर्यादा समझते हैं या सिर्फ फ्रेम में आगे आने की होड़ में हैं?



बता दे की कांग्रेस की ताज़ा सभा में रिकॉर्ड हुआ एक वीडियो/फोटो इन दिनों राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय है, सफेद कुर्ते में नज़र आ रहे युवा नेता सौरभ मिश्रा अपने प्रदेश अध्यक्ष के ठीक बगल में दोनों हाथ जेब में डालकर फोटो खिंचवाने की मुद्रा में खड़े दिखाई देते हैं, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के एमसीबी यथावत जिलाध्यक्ष भी फोटो में स्थान पाने की कोशिश करते दिखते हैं,सवाल यह है कि क्या सौरभ मिश्रा अपने वरिष्ठों के प्रोटोकॉल और बर्ताव की मर्यादा समझते हैं? क्या वह खुद को इतना बड़ा नेता मान बैठे हैं कि प्रदेश अध्यक्ष के बराबर खड़े होने का तौर-तरीका भी औपचारिकता से परे हो गया है? क्या आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट का ख्वाब उन्हें पहले से ही फ्रेम के केंद्र में आने की कोशिश करा रहा है? क्या सोशल मीडिया में आगे बढ़ने की होड़ अब मंच पर वरिष्ठों से आगे खड़े होने तक पहुंच गई है? वीडियो में कैद उनकी बॉडी लैंग्वेज एक अलग कहानी कहती है जहाँ अनुभवी नेता संयमित दूरी पर रहते हैं,वहीं सौरभ मिश्रा सीधे फ्रेम की पहली लाइन में पहुंचने की कोशिश करते दिखते हैं, राजनीति में महत्वाकांक्षा गलत नहीं है, पर वरिष्ठों के सामने आचरण ही असली पहचान का पैमाना होता है।

### नेतृत्व सीखने से आता है,सिर्फ फ्रेम में खड़े होने से नहीं...

राजनीति में महत्वाकांक्षा स्वाभाविक है,लेकिन वरिष्ठ नेताओं के सामने खड़े होने का शिष्टाचार ही बताता है कि कोई नेता कितना परिपक्व है,फोटो में आगे आ जाना आसान है पर नेतृत्व वह है जहाँ व्यक्ति अपनी जगह नहीं,अपने व्यवहार से पहचाना जाता है, कुर्सियों से बड़ी होती है मर्यादा,और मर्यादा से बड़ा होता है अनुशासन,युवा राजनीति का असली मूल्यांकन भी यही तय करता है।

### फ्रेम में आगे, व्यवहार में पीछे?

प्रदेश अध्यक्ष के सामने हाथ जेब में डालकर खड़े होने का अंदाज...युवा राजनीति का नया शिष्टाचार या बचकानी जल्दबाजी?

### टिकट की होड़ या ध्यान दिलाने का शॉर्टकट?

क्या विधानसभा टिकट की उम्मीद में सौरभ मिश्रा हर मंच पर खुद को पहली लाइन में स्थापित करने पर उतारू हैं?

### अनुभव बनाम उतावलापन

वरिष्ठ नेताओं की वर्षों की पहचान के बीच एक युवक का अचानक मंच-सेंटर में आने का प्रयास राजनीतिक संस्कारों पर बड़ा सवाल।

### फ्रेम का पहला लाइन... पर आचरण आखिरी?

राजनीति में महत्वाकांक्षा गलत नहीं पर वरिष्ठ नेताओं के सामने शिष्टाचार ही असली पहचान है, जहां अनुभवी नेता संयमित दूरी में रहते हैं,वहीं सौरभ मिश्रा का फ्रेम में धक्का मारकर आगे आना...युवा राजनीति की परिपक्वता पर बड़ा प्रश्नचिन्ह छोड़ता है।

### फ्रेम में आगे, संस्कार में पीछे?

मनेन्द्रगढ़ की सभा में सौरभ मिश्रा का प्रदेश अध्यक्ष के बिल्कुल बगल में हाथ जेब में डालकर खड़ा होना चर्चा में है, सवाल यही क्या यह युवा नेता मर्यादा भूल रहे हैं या खुद को जरूरत से ज़्यादा बड़ा मान बैठे हैं?

### नेतृत्व फ्रेम से नहीं, व्यवहार से दिखता है...

वरिष्ठों के सामने शिष्टाचार ही असली पहचान है...जिस दिन यह समझ आ गया,राजनीति भी संवर जाएगी।

# बालको में जिला स्तरीय मॉक ड्रिल का हुआ सफल आयोजन

-संवाददाता-

कोरबा,06 दिसंबर 2025 (घटती-घटना)। कोरबा जिले में स्थापित और संचालित वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने डिप्टी डायरेक्टर, इंडस्ट्रियल हेल्थ एंड सेफ्टी, कोरबा जय सिंह पोटाई के दिशा-निर्देश में जिला स्तरीय मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया। यह मॉक ड्रिल आपातकालीन सहयोगी संस्थान की सहभागिता से आयोजित की गई, जिसमें 7 उद्योगों के 27 प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। मॉक ड्रिल में कोरबा के विभिन्न औद्योगिक संस्थान, पावर लिमिटेड (पूर्व में लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड), एचटीपीएस कोरबा वेस्ट, माइंस रेस्क्यू स्टेशन एवं फायर सर्विसेस एसईसीएल कुसमुंडा एरिया, एनटीपीसी कोरबा, डीएसपीएम टीपीएस कोरबा ईस्ट, आईओसीएल कोरबा टर्मिनल एवं आईओसीएल कुसमुंडा शामिल थे। बालको के सीओओ (पावर) मंतोष सिन्हा ने डिप्टी डायरेक्टर का स्वागत किया। मॉक ड्रिल से पूर्व घटना और आपातकालीन योजना पर विस्तार से चर्चा हुई। बालको के प्रमुख एचएसई एडं एस बी. शिवकुमार द्वारा प्लांट सेफ्टी, रोड सेफ्टी, फायर जागरूकता एवं मॉक ड्रिल क्षेत्र से संबंधित संक्षिप्त प्रस्तुति दी गई। 1200 मेगावाट पॉवर प्लांट में अग्निकांड की आपात स्थिति पर मॉक ड्रिल की गई, जिसमें एक संभावित औद्योगिक दुर्घटना का अनुकरण किया गया। इसके माध्यम से सभी सहभागियों ने आपातकालीन प्रतिक्रिया की वास्तविक प्रक्रिया का अनुभव किया। जिसमें प्रतीकात्मक रूप से घायल एक व्यक्ति को बचाव राहत प्रदान की गई। उक्त मौके पर सिक्योरिटी, फायर ब्रिगेड, सेफ्टी, एंबुलेंस एवं व्यावसायिक स्वास्थ्य, रेस्क्यू टीम और ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस टीम पूरी तरह मुस्तैद रही। साथ ही फायर ब्रिगेड एवं आपात संसाधनों में 2 फोम टाइप फायर टेंडर, फायर हाइड्रेंट सिस्टम, वॉटर स्प्रिंकलर (डेल्यूज सिस्टम), 2 रेस्क्यू टीमें, 2 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस एवं फैक्ट्री मेडिकल अधिकारी तैनात किए गए। सुरक्षा टीम द्वारा क्षेत्र को पूरी तरह घेराबंद किया गया। डिप्टी डायरेक्टर आई एच एंड एस विजय सिंह पोटाई ने बालको द्वारा संयंत्र में सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की स्थिति में सभी कर्मचारियों को जागरूक और सतर्क रहना चाहिए। विशेष रूप से उन्होंने कंपनी की ट्रैफिक मैनेजमेंट, वाहनों में डैश कैमरा, शॉप फ्लोर पर डिजिटल ज़ेब्रा क्रॉसिंग, मजबूत सुरक्षा प्रक्रियाएँ, मॉक ड्रिल के दौरान प्रभावी हैंड साइन एज, उचित संचार प्रोटोकॉल एवं उत्कृष्ट टीम मैनेजमेंट की प्रशंसा की।



# किशोरी कचोहर जंगल में 12 हाथियों का दल,कई इलाकों में अलग-अलग समूहों की गतिविधि तेज

## महुए और धान की खुशबू हाथियों को कर रही आकर्षित,ग्रामीणों में दहशत

-राजन पाण्डेय-

कोरिया,06 दिसंबर 2025 (घटती-घटना)। सोनहत क्षेत्र के ग्राम पंचायत कचोहर, किशोरी और बंशीपुर के पास इन दिनों 12 हाथियों का दल सक्रिय है,बस्तियों के बेहद निकट हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। कई किसानों की फसलें उजड़ चुकी हैं और डर के कारण गांवों में रातभर रतजगा की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि महुए की गंध और कटे हुए धान की खुशबू हाथियों को लगातार खेतों और बस्ती किनारे खींच रही है।



### मनेन्द्रगढ़ वनमंडल में भी हाथियों का प्रकोप

खड़गवां रेंज के बहेराबांध बीट में बीती रात एक दंतैल हाथी ने आतंक मचा दिया, ग्राम फुनगा निवासी कुमकर्न (30) धान मिसाई के बाद अपने आंगन में खाट पर सो रहा था, तभी रात करीब 2:30 बजे हाथी ने उस पर हमला कर दिया,कुमकर्न के चेहरे पर गंभीर चोटें आई,वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायल युवक को अपने शासकीय वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खड़गवां पहुंचाया,जहां उसका उपचार जारी है।

### वन विभाग अलर्ट,लगातार ट्रैकिंग में

सोनहत और देवगढ़ परिक्षेत्र के वन अमले ने हाथियों की मूवमेंट पर कड़ी नजर बनाए रखी है, ग्रामीणों से अपील की गई है कि हाथी की मौजूदगी वाले क्षेत्रों में समूह में रहें, रात में अकेले बाहर न निकलें, वन विभाग के दिशा-निर्देशों का पालन करें

### तीन जिलों में हाथियों की बड़ी मूवमेंट, क्या अलग-अलग दल?

वन सूत्रों के अनुसार,कोरिया मनेन्द्रगढ़ सुरजपुर वन परिक्षेत्र में एक साथ कई हाथी दल सक्रिय हैं,देवगढ़ परिक्षेत्र में विचरण कर रहे 11 हाथियों का दल अब मनेन्द्रगढ़ वन मंडल में पहुंच गया है,संभावना जताई जा रही है कि उसी दल से एक दंतैल अलग होकर खड़गवां रेंज में उत्पात मचा रहा है,वहीं सूरजपुर वन मंडल और गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के विभिन्न क्षेत्रों में भी हाथी लगातार अपना स्थान बदलते हुए घूम रहे हैं, वन अधिकारियों का कहना है कि मौसम परिवर्तन,भोजन की उपलब्धता,महुआ-धान की खुशबू और जंगलों में शांत वातावरण के कारण हाथी वर्तमान में तेजी से माइग्रेट कर रहे हैं, जिससे कई समूह अलग-अलग दिशा में फैल गए हैं।

### ग्रामीणों में दहशत,प्रशासन सतर्क

लगातार बढ़ रही घटनाओं के चलते स्थानीय प्रशासन और वन विभाग को 24×7 निगरानी मोड में रखा गया है, ग्रामीणों ने भी सुरक्षा हेतु गांवों में घंटी,ढोल,टॉर्च और सामूहिक रतजगा की व्यवस्था शुरू कर दी है।

---

**न्यायालय नज़ूल अधिकारी,अम्बिकापुर जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़**

रा0प्र0क्र0/.../अ-20(3) /2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक विनीत कुमार श्रीवास्तव, विदित श्रीवास्तव दोनो आ0 विनय कुमार श्रीवास्तव दोनो निवासी गुदरी चौक अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा सीट नम्बर -3 मोहल्ला गुदड़ी चौक नगर अम्बिकापुर, स्थित नूजल प्लाट नम्बर 1181/12 रकबा 0.11 एकड़ भूमि को बैक में बंधक रखने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 19/12/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक- 2/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर,सरगुजा

---

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202510020700140**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन्:-2025-26

बांकीपुर प.ह.न. 00053 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार- बाबूलाल सिंह.
अनावेदक पक्षकार- -छ0ग0शासन,

**ईश्तहार**

आवेदक बाबूलाल सिंह आ0 स्व0 बुढन साय व अन्य, निवासी ग्राम बांकीपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदकगण के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम बांकीपुर स्थित कुल खसरा नंबर 13 में से खसरा नंबर 15/18, 183/2, 364/2,183/2, 364/13, 384/27, 395/501/2 भूमि के राजस्व रिकार्ड में आवेदकगण का नाम पूर्व में दर्ज था जो वर्तमान में त्रुटिवश राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं है। आवेदकगण के द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है, जो जाँच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 14.12.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/10/2025 को जारी किया जाता है।

सील — उमेश्वर सिंह बाज तहसीलदार,अंबिकापुर

---

**न्यायालय नज़ूल अधिकारी,अम्बिकापुर जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़**

रा0प्र0क्र0/.../अ-20(3) /2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक विपुल कुमार मंदिलवार आ0 महेश्वर प्रसाद मंदिलवार आयु लगभग 52 वर्ष जाति कायस्थ निवासी ब्रम्हपारा अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की शीट नम्बर-2 मोहल्ला सत्तीपारा नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूखण्ड कमांक 758/16 रकबा 0.30 एकड़ मे से रकबा 0.4.1/2 एकड़ भूमि को अनावेदक/केता नेहा सोनी पति मनोज सोनी जाति सोनार निवासी सत्तीपारा अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के पास बिकय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 19/12/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांक- 2/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर,सरगुजा

---

**न्यायालय नज़ूल अधिकारी,अम्बिकापुर जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़**

रा0प्र0क्र0/.../अ-20(3) /2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक राहुल अग्रवाल आ0 प्रयागराज अग्रवाल आयु लगभग 29 वर्ष निवासी बिलासपुर चौक अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा शीट नम्बर-6 मोहल्ला मनीपुर नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 4240/6 रकबा 0.04 एकड़ भूमि को सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा मुख्य ब्रांच अम्बिकापुर में बंधक रखने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-17/12/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक- 02/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर,सरगुजा

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 ,जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़**

रा0प्र0क0... अ-6/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूपन राजवाडे आ. श्री स्व. श्री फेकू राम राजवाड़े व अन्य, निवासी ग्राम परसा, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम परसा स्थित भूमि खसरा नंबर 1826/9, 2440/10 रकबा क्रमशः 0.057, 0.073 हे0 के वर्तमान भूमि स्वामी स्व. फेकू राम राजवाड़े मृत्यु होने के कारण के उनके विधिक वारिशों के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज कराने बावत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आप्पति हो तो पेशी दिनांक 31/12/2025 को न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

आज दिनांक 5/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पद्मुद्रा से जारी।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर

---

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर ,जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़**

रा0प्र0क्र0- /ब-121/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशीष कुमार गुप्ता आ0 सुरेश कुमार गुप्ता निवासी नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा छत्तीसगढ साहूकार अधिनियम 1934 के तहत साहूकारी लाईसेंस प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 31.12.2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कार सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांक- 03/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर,सरगुजा(छ.ग.)

---

**न्यायालय नज़ूल अधिकारी,अम्बिकापुर जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़**

रा0प्र0क्र0/.../अ-20(3) /2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक जयेश वर्मा आ0 वीरेन्द्र कुमार वर्मा आयु 55 वर्ष निवासो गुदरी चौक अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा सीट नम्बर 3 मोहल्ला गुदड़ी चौक नगर अम्बिकापुर, स्थित नूजल प्लाट नम्बर 1181/3 रकबा 0.11 एकड़ भूमि को बैंक में बंधक रखने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 19/12/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक- 02/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर,सरगुजा

---

**कार्यालय प्राचार्य,शासकीय पॉलीटेक्निक रामानुजगंज**

नावापारा, पो.- आरागाही, जिला - बलरामपुर-रामानुजगंज, (छ0ग0) पिनः 497220

Email : principal.084.csvtu@gmail.com Website : https://www.gprganj.ac.in

क्रमांक 59/शापारा/स्था/2024-25 रामानुजगंज,दिनांक 04/12/2025

**पुन : निविदा सूचना**

शासकीय पॉलीटेक्निक रामानुजगंज, जिला - बलरामपुर-रामानुजगंज के संस्था परिसर में (24×7) सुरक्षा सेवा हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की गई थी परन्तु पर्याप्त निविदा प्राप्त न होने के कारण निविदा निरस्त किया गया । अतः इस संबंध में पुनः निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र संस्था के वेबसाइट htttps://www.gprganj.ac.in से डाऊनलोड किया जा सकता है। डाऊनलोड किए गए निविदा प्रपत्र के साथ रू. 500.00 का डिमांड ड्राफ्ट प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक रामानुजगंज के नाम से जो कि रामानुजगंज में देय हो, संलग्न कर जमा किया जाना अनिवार्य है।

निविदा उपलब्धता की तिथि - 04/12/2025
निविदा विक्रय की अंतिम तिथि - 22/12/2025 (समय - 12:00 PM)
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 22/12/2025 (समय - 01:00 PM)
निविदा खोलने की तिथि - 22/12/2025 (समय - 03:00 PM)

स्थान - शासकीय पॉलीटेक्निक रामानुजगंज का कार्यालय
नोट - निविदा के अनुमानित लागत रु 6,00,000 है।
विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

जी नंबर-252605259/1

प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज रामानुजगंज

---

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यात्रिकी खण्ड अम्बिकापुर जिला सरगुजा**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सुचना**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र - सी में आयटम दर पर कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अम्बिकापुर जिला सरगुजा के कार्यालय में,निर्माता/अधिकृत सप्लायर्स से आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | निविदा सूचना क्रमांक एंव दिनांक | सिस्टम क्रमांक | कार्य का नाम | लागत (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 49 दिनांक 02.12.2025 | 181014 | Providing and Supplying Colilert-18 for 100 ml sample 200-pack (Consumables), 200-pack sterile 97-Well Quanti-Tray / 2000 trays (Consumables), Quanti-Tray® Sealer PLUS (One time Purchase), 6-watt UV lamp 220 volt - EU two prong Plug (One time Purchase), UV VIEWING CABI-NET fits WL160 and WEA160F (One time Purchase ) Dynamic Pass Box Class 10018x18x18 Inch, Fumigator/ Fogger machine, Lab Refrigerator with digital Temp (With NABL Calibration Certificate) Autoclave bags (Autoclavable For organizing decontamination), Pippet tips (Sterilized For dilutions) 100 pack size, Required BOD Glassware 120 ml bottle with cap Bosilicate, and fixing double glazed hermitically sealed glazed in aluminium window, ventilators and partition etc under Jal Jeevan Mission Surguja, District – Surguja | 22.58 |

बिड संबमिशन की अंतिम तिथि 22.12.2025 समय - 17:30 बजे तक । निविदा के सामान्य शर्तें,धरोहर राशि,विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in ) में दिनाँक 04.12.2025 से देखी जा सकती है

जी नंबर-252605259/3

कार्यपालन अभियन्ता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अम्बिकापुर

**कानून सबके लिए बराबर या सिर्फ चुनिंदा मामलों पर ही सख्ती ?**



# क्या कार्यवाही चेहरा देखकर ?

## सड़क पर केक काटने पर कड़ी कार्यवाही,पर नेताओं के स्वागत में फोड़े गए पटाखों पर चुप्पी क्यों?





### क्या एमसीबी जिले में नव नियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष के स्वागत में सड़क पर फोड़े गए पटाखा मामले में जिला प्रशासन करेगा कार्यवाही ?

माननीय न्यायालय के अनुसार सड़क बाधित कर किसी प्रकार का जश्न मानना कानूनी रूप से अपराध है और कड़े कार्यवाही की आवश्यकता है,लगातार देखने को मिल रहा है कि आम लोगों पर ऐसे मामलों में कार्यवाहियां भी हो रही है,वहीं जब बात राजनीति से जुड़े लोगों की सामने आती है तब कार्यवाहियों को लेकर कोई सक्रियता नजर नहीं आती प्रशासन की,कोरिया,एमसीबी जिले में लगातार कार्यवाही आम लोगों पर ऐसे मामलों में होती नजर आ रही है वहीं जब नव नियुक्त एमसीबी कांग्रेस जिला अध्यक्ष का स्वागत हुआ तब सड़क पर ही पटाखा फोड़ते लोग नजर आए और भीड़ भी नजर आई, इस मामले में कोई कार्यवाही क्यों नहीं हुई यह एक सवाल है, क्या अब खबर प्रकाशन उपरांत जिला प्रशासन एमसीबी इस मामले में भी कार्यवाही करेगा यह बड़ा सवाल है।

-रवि सिंह-
कोरिया/एमसीबी,06 दिसंबर 2025
(घटती-घटना)।
कोरिया-एमसीबी जिले में सड़क पर जन्मदिन मनाने, केक काटने और पटाखे फोड़ने के मामलों में बीते कुछ महीनों में 4-5 कड़ी कार्यवाही हो चुकी हैं,ड्राइवरों पर एफआईआर, गाड़ियां जब्त,लाइसेंस निरस्त प्रशासन ने इन मामलों में सख्त रुख दिखाया है,लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या यह कार्यवाही सभी पर समान रूप से हुई है?

सूत्र बताते हैं कि जिले में कई बार नेताओं के स्वागत में मुख्य मार्गों पर दिनदहाड़े पटाखे फोड़े गए,जुलूस निकाले गए,ट्रैफिक रोका गया। पर इन मामलों में किसी भी प्रकार की एफआईआर या कानूनी कार्यवाही नहीं हुई,ताजा विवाद एमसीबी जिले का है,जहाँ कांग्रेस के नए जिलाध्यक्ष के स्वागत में मुख्य सड़क पर पटाखे फोड़कर जश्न मनाया गया, अब सवाल उठ रहा है क्या यह मामला एफआईआर योग्य नहीं था? क्या कानून सिर्फ जन्मदिन वाले युवाओं के लिए है और नेताओं के जश्न पर मौन धारण कर लिया जाता है? क्या प्रशासन चेहरा देखकर कार्यवाही कर रहा है? एक ही प्रकार की गतिविधि पर अलग-अलग कार्यवाही क्यों? लोगों का कहना है कि यदि सड़क पर पटाखे फोड़ना, ट्रैफिक बाधित करना और सार्वजनिक व्यवस्था बिगाड़ना अपराध है, तो फिर नेताओं के स्वागत में हुए नियम उल्लंघन पर भी समान कार्यवाही होनी चाहिए। नागरिकों का सवाल साफ है कानून सबके लिए बराबर है या फिर स्थिति और चेहरे देखकर अलग-अलग व्यवहार किया जाएगा?

### कानून का रंग सबके लिए एक सा होना चाहिए...

सड़क पर पटाखे फोड़ना, ट्रैफिक रोकना और सार्वजनिक जगहों का दुरुपयोग ये अपराध तब क्यों बन जाते हैं जब आम लोग करते हैं, और नियम तब क्यों मौन हो जाते हैं जब वही कृत्य किसी राजनैतिक स्वागत का हिस्सा होता है? लोकतंत्र में प्रशासन की विश्वसनीयता समान कार्यवाही से बनती है, अगर एक युवक के सड़क पर केक काटने पर एफआईआर हो सकती है, तो नेताओं के स्वागत में सड़क जाम और पटाखेबाज़ी पर कार्रवाई क्यों नहीं?

# सोनहत में कड़ाके की ठंड,पाला गिरने से बढ़ी फसलों की चिंता

## अलाव की व्यवस्था न होने से ग्रामीण और राहगीर परेशान





-संवाददाता-
सोनहत,06 दिसंबर 2025
(घटती-घटना)।
सोनहत क्षेत्र में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है, न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया है, जिसके कारण कई इलाकों में पाला गिरना शुरू हो गया है। ठंड के तेज असर से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है, वहीं खेतों में जमे पाले ने किसानों की फसलों के लिए भी खतरा पैदा कर दिया है, ग्रामीण बताते हैं कि सुबह और शाम के समय ठंड काफी बढ़ जाती है। तापमान तेजी से गिरने के कारण खेतों की सतह पर सफेद पाला जम रहा है, जिससे सब्जी, धान और अन्य रबी फसलों पर असर पड़ने की संभावना बढ़ गई है।

### अलाव की व्यवस्था नहीं, लोगों में नाराजगी

ठंड बढ़ने के बावजूद ग्राम पंचायत द्वारा चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को दिक्कत हो रही है, शाम ढलते ही सोनहत और आसपास के ग्रामीण इलाकों में लोग कड़क सर्दी का सामना करने को मजबूर हैं, राहगीरों ने बताया कि बाजार क्षेत्र में अलाव की कोई व्यवस्था नहीं, देर शाम बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी, लगातार गिरते तापमान के बावजूद पंचायत की लापरवाही

### ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड का अधिक प्रभाव

सोनहत ब्लॉक में आमतौर पर दिसंबर-जनवरी में ठंड अधिक पड़ती है,लेकिन इस बार तापमान में जल्दी गिरावट आने लगी है, ग्रामीण क्षेत्रों में खुले मैदान और खेतों के बीच बसे गांवों में ठंड का प्रभाव और अधिक देखने को मिल रहा है, फिलहाल लोग अपने स्तर पर अलाव जलाकर खुद को गर्म रखने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन पंचायत स्तर पर व्यवस्थाओं की कमी को लेकर नाराजगी भी बढ़ रही है।

# जनकपुर केल्हारी धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था चरम पर

## किसानों ने पूर्व विधायक गुलाब कमरों को सुनाया दर्द,रकबा कटौती,अवैध वसूली,टोकन गड़बड़ी की शिकायतें

## किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं...पूर्व विधायक ने डीएमओ एसडीओ को दिया सख्त निर्देश



-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़/जनकपुर,06 दिसंबर 2025
(घटती-घटना)।
धान खरीदी के बीच जनकपुर से केल्हारी तक किसानों में भारी आक्रोश है। रकबा कटौती, अवैध हम्माली वसूली,वनाधिकार पंजीयन लंबित और टोकन गड़बड़ी की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने दो दिनों तक कई धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। किसानों ने मौके पर ही अपने दर्द को खुलकर रखा और भ्रष्टाचार-अव्यवस्था की शिकायतें कीं।

### गुलाब कमरो का बड़ा बयान

निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा किसान हमारा अन्नदाता है। उनका शोषण किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं होगा। जहाँ भी गड़बड़ी मिलेगी,मैं खुद खड़े होकर समाधान कराऊँगा। यदि समस्याएँ जल्द नहीं सुलझा तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे,जनकपुर निरीक्षण में रवि प्रताप सिंह, अवधेश सिंह, कमल जोगी, रामू सिंह, मनोज राय, असद अहमद,लालसाय बैगा,तथा समिति के किसान सदस्य भी उपस्थित रहे।

### पहला दिनः कछौड़,केल्हारी,डोडकी में रकबा कटौती और अवैध वसूली के आरोप

निरीक्षण के पहले दिन पूर्व विधायक ने कछौड़,केल्हारी और डोडकी धान उपार्जन केंद्रों में स्थिति का जायजा लिया। किसानों ने बताया कई किसानों का रकबा शून्य कर दिया गया है,कई किसानों की भूमि का क्षेत्रफल कम दिखाया गया,25 प्रति क्विंटल अवैध हम्माली वसूली,वनाधिकार पंजीयन महीनों से लंबित गुलाब कमरो ने इसे स्पष्ट रूप से अवैध वसूली और प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए वहीं से डीएमओ को फोन कर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने को कहा,उन्होंने कहा किसानों पर अतिरिक्त वसूली किसी भी हाल में स्वीकार नहीं। रकबा-पंजीयन सुधार तुरंत पूरा करें,नहीं तो कठोर कदम उठाए जाएंगे, निरीक्षण में किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी,रामनरेश पटेल, मकसूद आलम,संदीप द्विवेदी,इमरान खान,अमोल सिंह,इमामुद्दीन, नजरियुस एक्का,हेमंत,गुनीलाल सहित अन्य मौजूद रहे।

### दूसरा दिनः जनकपुर,माडी सरई,सिंगरौली,कंजिया, कुंवारपुर,बहरासी में भी गड़बड़ी उजागर

दूसरे दिन क्षेत्रीय समितियों के निरीक्षण में किसानों ने बताया रकबा शून्य दिखाने या कम करने की घटनाएँ दोहराई गई,कई किसानों का पंजीयन अधूरा,जिससे खरीदी प्रभावित,वनाधिकार पंजीयन में महीनों से देरी,सिंगरौली समिति में ऑपरेटर द्वारा टोकन मनमर्जी से जारी,किसानों ने आरोप लगाया कि ऑपरेटर मनमाने और पक्षपातपूर्ण तरीके से टोकन काट रहा है,जिससे किसानों को खरीदी केंद्रों में अनावश्यक दौड़ लगानी पड़ रही है,पूर्व विधायक ने तत्काल एसडीओ जनकपुर को फोन कर टोकन गड़बड़ी रोकने,दोषी ऑपरेटर की जांच और पंजीयन सुधार के निर्देश दिए।

**आवश्यकता है**

दैनिक समाचार पत्र में कार्य करने हेतु निम्न पदों के लिए योग्य कर्मठ, जुझारू, महिला/पुरूष की आवश्यकता है।

| स.क्र. | पद | संख्या | वेतन |
|---|---|---|---|
| 01 | सह संपादक | 1 पद | 15,000 |
| 02 | समाचार संपादक | 1 पद | 15,000 |
| 03 | प्रबंध संपादक | 1 पद | 15,000 |
| 04 | विज्ञापन प्रभारी | 2 पद | 10,000 से 15,000 |
| 05 | ब्यूरो चीफ | 1 पद | 10,000 से 15,000 |
| 06 | संवाददाता | 2 पद | 8000 से 12,000 |
| 07 | कार्यालय सहायक | 1 पद | 7000 |

नोटः- आवेदक फोन पर संपर्क ना करें। स्वयं बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें।

पता-कार्यालय दैनिक समाचार पत्र घटती-घटना शनि मंदिर के पास, नमनाकला, अम्बिकापुर छत्तीसगढ़, मो.नं. - 9340154656, 98265-32611

# साप्ताहिक बाजार में जाम से मुक्ति की मांग

## महिला मंडल ने थानेदार को सौंपा ज्ञापन,पाण्डवपारा रोड में चार पहिया प्रवेश वर्जित करने की अपील

## बाजार दिन में भीड़-भाड़ से दुर्घटनाओं की आशंका,वैकल्पिक रूट प्रस्तावित




-संवाददाता-
बैकुंठपुर/कोरिया,06 दिसंबर 2025 (घटती-घटना)।
पटना क्षेत्र में बुधवार और शनिवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार में बढ़ते जाम और अव्यवस्था को लेकर जागृति महिला मंडल सक्रिय हुआ है। महिला मंडल अध्यक्ष मीरा सोनी के नेतृत्व में सदस्यों ने शुक्रवार को पटना थाना प्रभारी राजेश तिवारी से मुलाकात कर जाम की समस्या के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा।

महिला मंडल ने बताया कि साप्ताहिक बाजार में हजारों की भीड़ उमड़ने के कारण स्टेट हाईवे पर अक्सर लंबा जाम लग जाता है, भीड़ भाड़ की स्थिति में कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। ऐसी परिस्थिति में पुलिस की सहायता से ट्रैफिक रूट बदलकर भीड़ को नियंत्रित किया जा सकता है, मीरा सोनी ने बताया कि विशेषकर शनिवार बाजार के दिन पाण्डवपारा रोड में चार पहिया वाहनों का प्रवेश जाम का प्रमुख कारण बनता है। महिला मंडल ने थानेदार से आग्रह किया कि बाजार अवधि में इस मार्ग पर चार पहिया वाहन प्रतिबंधित किए जाएं।

### ग्रामीणों की बड़ी संख्या से बाजार में भारी भीड़

पटना चौरासी और आसपास के गांवों से हजारों लोग हर बुधवार और शनिवार को बाजार में दैनिक आवश्यकताओं की खरीदारी हेतु आते हैं। यह क्षेत्र का सबसे बड़ा हाट बाजार माना जाता है, जहाँ चार पहिया वाहनों के प्रवेश से सड़क संकरी हो जाती है और पैदल चलने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### महिला मंडल का वैकल्पिक यातायात रूट सुझाव

जाम से राहत के लिए महिला मंडल ने निम्न प्रस्ताव रखे पाण्डवपारा रोड में चारपहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित किया जाए, इमली चौक पर दिशा-निर्देश बोर्ड लगाया जाए, वाहनों को बस स्टैंड्ङहाईवे होकर झुमरपाराङ्गायत्री मंदिर चौक से प्रवेश दिया जाए, ऑटो स्टैंड को इमली चौक में ही चिन्हित स्थान पर बनाया जाए, महिला मंडल का मानना है कि इन व्यवस्थाओं को लागू करने से बाजार की भीड़ नियंत्रित होगी और दुर्घटनाओं की संभावना में उल्लेखनीय कमी आएगी।

# माधुरी दीक्षित ने अमेरिका की जिंदगी को बताया था बेहतर, फिर क्यों भारत लौटीं धक-धक गर्ल? ये थी वजह

बॉलीवुड की धक-धक गर्ल का एक वक्त पर बॉलीवुड में बोलबाला था। हालांकि उन्होंने अपने करियर के पीक पर डॉ. नेने से शादी की और इतना ही नहीं उनके साथ अमेरिका भी शिफ्ट हो गईं। हालांकि लगभग एक दशक बाद धक-धक गर्ल वापस लौटीं। भारत लौटने के बाद उन्होंने बताया कि अमेरिका में जिंदगी काफी बेहतर थीं, तो फिर वे भारत क्यों लौटीं, इसका खुलासा माधुरी ने हाल ही में किया है।

माधुरी दीक्षित 90 के दशक की सबसे सफल एक्ट्रेस में से एक थीं। लेकिन अपने करियर के पीक पर, उन्होंने डॉ. श्रीराम नेने से शादी की और यूएस चली गईं। 10 साल बाद उन्होंने इंडिया लौटने का फैसला किया। भारत आने के बाद उन्होंने बताया कि अब तक उनकी जिंदगी में क्या-क्या बदलाव आए।




### अमेरिका में थी जिंदगी बेहतर और शांत

हाल ही में एक पॉडकास्ट में माधुरी ने बताया कि यूएस में अपने परिवार के साथ उनकी जिंदगी कितनी शांतिपूर्ण और शानदार थी। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें अपने बच्चों को अपने इतने करीब पाकर बहुत अच्छा लगा। इंडिया लौटने के पीछे की वजह बताते हुए, उन्होंने कहा, बहुत कुछ हुआ। मेरे माता-पिता मेरे साथ रह रहे थे, मेरे सभी भाई-बहन यूएस में हैं। राम का परिवार भी वहीं है। मेरे माता-पिता बूढ़े हो रहे थे और वे इंडिया वापस आना चाहते थे। मेरी पूरी जिंदगी और करियर में वे मेरे साथ थे और मैं उन्हें अकेला नहीं छोड़ना चाहती थी।

उन्होंने आगे कहा,दूसरी बात,मेरा काम यहीं था। मैं इंडिया आती थी,अपना काम करती थी और फिर यूएस वापस चली जाती थी। दूरी की वजह से यह बहुत मुश्किल हो रहा था। राम को यह भी लगता था कि उनके पास आने वाले ज्यादातर मरीज बहुत बुरी हालत में होते हैं। वह उनकी प्रॉब्लम को जल्दी पकड़ना चाहते थे। इसलिए वह लोगों को हेल्दी बनाने, उनकी सेहत का ध्यान रखने के लिए एक सिस्टम बनाना चाहते थे। हम दोनों ने सोचा कि शायद यह एक बुलावा था, क्योंकि सब कुछ ठीक हो रहा था। उन्होंने यह कहकर बात खत्म की कि उनके पति और वह दोनों का मानना था कि इंडिया वापस आना सबसे अच्छा फैसला होगा और इसलिए उन्होंने ऐसा किया।

### 26 साल पहले दोनों ने की शादी

माधुरी दीक्षित की शादी 1999 से डॉ. श्रीराम नेने से हुई है,यूएस से वापस आने के बाद,उनके पति एक यू-ट्यूबर बन गए। उनके दो बेटे हैं,एरिन नेने और रायन नेने।



# एक शर्त की वजह से बलि चढ़ा अमृता सिंह और रवि शास्त्री का रिश्ता

### 80 के दशक की लव स्टोरी का हुआ था दुःखद अंत

80 और 90 के दशक की मशहूर अभिनेत्री अमृता सिंह ने बेताब से डेब्यू किया और कई सफल फिल्मों में काम किया। उनका नाम क्रिकेटर रवि शास्त्री के साथ जुड़ा,जो काफी चर्चा में रहा। दोनों की शादी की खबरें भी आ रही थीं लेकिन एक शर्त की वजह से उनका रिश्ता टूट गया।

पॉपुलर एक्ट्रेस अमृता सिंह का नाम 80 और 90 के दशक की उन अभिनेत्रियों में शुमार है जिनकी तगड़ी फैन फॉलोविंग थी। इंडस्ट्री से भी कई एक्टर्स उनके दीवाने हुआ करते थे। अमृता सिंह अपने जमाने की बोल्ड एक्ट्रेस थीं जो जिंदगी अपनी शर्तों पर जीती थीं। फरवरी 1958 में दिल्ली में जन्मी अमृता ग्लैमर और राजनीतिक जगत की कुछ बड़ी हस्तियों से जुड़ी हैं।

### इन फिल्मों में अमृता ने किया था काम

उनके पिता एक सेना अधिकारी थे और उनकी मां संजय गांधी की पॉलिटिकल एसोसिएट थीं। वह दिवंगत लेखक खुशवंत सिंह की पोती और राजनेता उज्ज्वल सिंह की परपोती हैं। अमृता ने साल 1983 में सनी देओल के अपोजिट फिल्म बेताब से एक्टिंग डेब्यू किया था। इसके अलावा उन्होंने मर्द, साहेब, चमेली की शादी, नाम, खुदगर्ज, वारिस जैसी कई फिल्मों में काम किया।

### रवि शास्त्री के साथ था उनका रिलेशन

एक सक्सेफुल करियर के अलावा अमृता सिंह अपने रिलेशनशिप को लेकर भी चर्चा में रहीं। उन्होंने कई पॉपुलर सेलेब्स को डेट किया और उनके रिश्ते की कभी हैप्पी एडिंग नहीं हुई। इनमें से एक थे रवि शास्त्री। एक्ट्रेस और क्रिकेटर्स का रिश्ता कोई नई बात नहीं है। 80 के दशक में अमृता सिंह और रवि शास्त्री का रिश्ता खूब चर्चा में था। अमृता को पहली नजर में देखकर रवि शास्त्री क्लीन बोल्ड हो गए थे।

यहां तक कि उन्होंने सिने ब्लिट्ज़ पत्रिका के नवंबर 1986 के अंक में कवर पेज के लिए पोज भी दिया था, जिससे उनके अफेयर की अफवाहों को और हवा मिली। यह भी बताया गया कि दोनों लव बर्ड्स ने सगाई भी कर ली थी और बहुत जल्द शादी करने वाले थे।

### बेहद शर्मीले थे रवि शास्त्री

रिपोर्ट के अनुसार,रवि शास्त्री और अमृता सिंह की पहली मुलाकात मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी। एक इंटरव्यू में रवि शास्त्री ने स्वीकार किया था कि वो बेहद शर्मीले इंसान थे और अमृता से मिलते समय वो शुरू में 10 मिनट तक बात ही नहीं कर पाए। तब अमृता ने ही बात करना शुरू किया। लेकिन फिर जब सब अच्छा-अच्छा चल रहा था तो फिर रिश्ता टूटा क्यों।

### क्या थी रवि शास्त्री की शर्त


दरअसल उस समय एक इंटरव्यू में रवि शास्त्री ने साफ कर दिया था कि वह किसी एक्ट्रेस को अपनी पत्नी नहीं बनाना चाहते। उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टनर की पहली प्राथमिकता उसका घर होना चाहिए। उस वक्त अमृता अपने करियर के पीक पर थीं और सुपरहिट फिल्म दे रही थीं। उनके पास ऑफर्स की लाइफ थी। अमता ने यह कहते हुए विरोध जताया कि वह अपने प्रोफेशन से यूं ही दूर नहीं जा सकतीं। हालांकि, उन पर तंज कसते उन्होंने यह भी कहा था कि कुछ साल के बाद वह एक हाउसवाइफ बनकर जरूर रह सकती हैं और घर संभालने में ध्यान लगाएंगी।

# धुरंधर का रहमान डकैत बन अक्षय खन्ना ने मचाया तहलका



### सोशल मीडिया पर जमकर हो रही तारीफ

धुरंधर 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होते ही छा गई है, जिसमें रणवीर सिंह,संजय दत्त,अर्जुन रामपाल,अक्षय खन्ना और आर माधवन जैसे बैहतरीन स्टार्स हैं। फिल्म में हर किसी ने अपने किरदार को बखूबी निभाया है, लेकिन सोशल मीडिया पर अक्षय खन्ना अपने काम के लिए खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। धुरंधर में अक्षय खन्ना ने रहमान डकैत का किरदार निभाया है,जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। मूवी में उनकी दमदार एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही है। बॉलीवुड एक्टर अक्षय खन्ना ने इस नेगेटिव रोल को इतने बेहतरीन तरीके से प्ले किया है कि आप सिनेमाघरों से बाहर आने के बाद भी उसे भूल नहीं पाएंगे। अक्षय खन्ना फिल्म इंडस्ट्री के वो बेहतरीन एक्टर है, जिन्होंने अपने करियर में हर तरह का रोल किया है और सभी में फिट बैठे हैं। असली पहचान अब जाकर मिल रही है।




# धर्मेंद्र की वो फिल्में,जिसका रूस में बजा था डंका,एक के बिके थे 3 करोड़ से ज्यादा टिकट तो एक की 2 करोड़ कमाई

रूस और भारत के रिश्ते सिर्फ राजनीतिक नींव पर नहीं टिके हैं,दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध भी हैं,जो इन रिश्ते को और मजबूत बनाते हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक रिश्ते बहुत पुराने हैं और उसका बहुत ज्यादा श्रेय हिंदी सिनेमा को भी जाता है। हिंदी सिनेमा के कुछ कलाकारों ने सोवियत संघ के बाजारों पर अपनी फिल्मों के जरिए छाप छोड़ी। उन्हीं में से एक एक्टर थे धर्मेंद्र देओल,जिनका निधन 24 नवंबर 2025 को उम्र संबंधी बीमारियों के बाद हुआ। उनकी दो फिल्में वहां रिलीज हुईं और सुपरहिट हुई थीं। वैसे तो धर्मेंद्र की बहुत सारी फिल्मों को रूस में रिलीज किया गया, लेकिन उनकी अलीबाबा और 40 चोर का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। 1980 में आई अलीबाबा और 40 चोर फिल्म का निर्माण सिर्फ भारत की कंपनी के बैनर तले ही नहीं हुआ, बल्कि फिल्म का सह-निर्माण भारत की ईगल फिल्म्स और सोवियत संघ के उज्बेक फिल्म स्टूडियो ने मिलकर किया था। फिल्म न केवल भारत सुपरहिट साबित हुई, बल्कि इसका जादू रूस में भी चला।

## खेल-समाचार

# डोप टेस्ट में फंसी भारतीय महिला डिस्कस थ्रोअर सीमा पुनिया




### 16 महीने का प्रतिबंध, एनएडीए ने लिया बड़ा एक्शन

**नई दिल्ली,06 दिसम्बर 2025।** एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुकी अनुभवी भारतीय डिस्कस थ्रोअर सीमा पुनिया को डोपिंग उल्लंघन के कारण 16 महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। 42 वर्षीय सीमा पर यह प्रतिबंध 10 नवंबर 2024 से लागू हो गया है। यह जानकारी राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी की अपडेटेड सूची में सामने आई है। हालांकि नाडा ने यह स्पष्ट नहीं किया कि वे किस प्रतिबंधित पदार्थ के लिए पॉजिटिव पाई गईं।यह सीमा के करियर में तीसरी बार डोपिंग संबंधी मामला है। 2000 में वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने के बाद वे स्टिमुलेंट स्यूडोएफ़ेड्रिन के लिए पॉजिटिव पाई गई थीं, जिसके बाद उनका मेडल छीन लिया गया था। बाद में 2002 वर्ल्ड जूनियर्स में उन्होंने ब्रॉन्ज जीता। उनका हालिया बड़ा टूर्नामेंट 2023 हांगझोउ एशियन गेम्स था,जहां उन्होंने कांस्य पदक हासिल किया था।

### सीमा का करियर उपलब्धियों से भरा रहा है...

2014 इंचियोन एशियन गेम्स में गोल्ड
कॉमनवेल्थ गेम्स में चार पदक, जिनमें तीन सिल्वर
2002 में जूनियर स्तर पर विश्व चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज

सीमा के अलावा कई अन्य भारतीय एथलीट भी डोपिंग के कारण प्रतिबंधित किए गए हैं। इनमें लंबी दूरी की धावक पूजा यादव,शॉट पुटर मंजीत कुमार,मध्यम दूरी धावक निकेश राठौड़, मैराथन धावक कुलदीप सिंह और महिला स्टिपलचेज धाविका छवि यादव शामिल हैं। इन खिलाड़ियों पर चार से छह साल तक का प्रतिबंध लगाया गया है।

अनुभवी खिलाड़ियों का डोप में फंसना भारतीय एथलेटिक्स के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। यह मामला एक बार फिर डोपिंग नियंत्रण प्रणाली और खिलाड़ियों की जागरूकता को लेकर बहस छेड़ रहा है।

# विश्व कप में इस टीम से पहले मैच में भिड़ेगा मेसी का अर्जेंटीना,19 जुलाई को होगा फाइनल

**नई दिल्ली,06 दिसम्बर 2025।** फीफा विश्व कप 2026 के लिए ग्रूपों का औपचारिक ऐलान वॉशिंगटन डीसी में हुए भव्य समारोह में कर दिया गया। यह पहला मौका है जब अमेरिका,कनाडा और मैक्सिको संयुक्त रूप से टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे हैं। सितारों की मौजूदगी से सजे इस ड्रॉ कार्यक्रम ने आगामी विश्व कप को लेकर उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया। गत चैंपियन अर्जेंटीना को ग्रूप जे में जगह मिली है,जहां उसका पहला मुकाबला 16 जून को अल्जीरिया से होगा। सभी की निगाहें लियोनेल मेसी पर होंगी,जो रिकॉर्ड छठी बार इस टूर्नामेंट में कदम रख सकते हैं। दूसरी ओर,पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी इसी उपलब्धि की ओर बढ़ रहे हैं। यदि दोनों टीमें अपने-अपने ग्रूप में शीर्ष पर रहती हैं,तो क्वार्टर फाइनल में उनकी ऐतिहासिक भिड़ंत संभव है।




इस बार विश्व कप में 48 टीमें हिस्सा ले रही हैं और 104 मैच खेले जाएंगे,जो इसे इतिहास का सबसे बड़ा टूर्नामेंट बना देता है। फीफा ने पहली बार टेनिस-स्टाइल नॉकआउट ब्रैकेट सिस्टम लागू किया है, जिसके तहत शीर्ष टीमें-स्पेन,अर्जेंटीना, फ्रांस और इंग्लैंड-सेमीफाइनल से पहले नहीं टकराएंगी। यह बदलाव टूर्नामेंट को अधिक संतुलित और रोमांचक बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

# भारत ने साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हराया

### जायसवाल की सेंचुरी,कुलदीप-प्रसिद्ध ने 4-4 विकेट लिए,सीरीज 2-1 से जीती

**विशाखापट्टनम,06 दिसम्बर 2025।** भारत ने साउथ अफ्रीका को तीसरे वनडे में 9 विकेट से हरा दिया। विशाखापट्टनम में टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। साउथ अफ्रीका 270 रन ही बना सका। भारत ने 40वें ओवर में महज एक विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। विराट कोहली ने लुंगी एनगिडी की बॉल पर लगातार दो चौके मारकर टीम इंडिया को जीत दिला दी।डॉ ङ्क्स राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में मेहमान टीम के लिए क्विंटन डी कॉक ने शतक लगाया। कप्तान टेम्बा बावुमा ने 48, डेवाल्ड ब्रेविस ने 29 और मैथ्यू ब्रीट्ज़की ने 24 रन बनाकर टीम को 270 तक पहुंचाया। भारत से कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा ने 4-4 विकेट लिए।



271 रन के टारगेट के सामने यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा ने भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों ने 155 रन की पार्टनरशिप की। रोहित 75 रन बनाकर आउट हुए, यह सीरीज में उनकी पहली फिफ्टी रही। यशस्वी ने फिर 111 गेंद पर अपने वनडे करियर का पहला शतक लगाया। उनके सामने विराट कोहली ने महज 40 गेंद पर फिफ्टी लगा दी। दोनों ने 40वें ओवर में टीम को जीत दिला दी।

### टेस्ट में क्लीन स्वीप, वनडे सीरीज जीते हम

साउथ अफ्रीका से केशव महाराज ने इकलौता विकेट लिया। तीसरे वनडे में नतीजे के साथ होम टीम ने 3 मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। साउथ अफ्रीका ने दूसरे मुकाबले में 359 रन चेज किए थे। दोनों टीमों के बीच 5 टी-20 की सीरीज 9 दिसंबर से शुरू होगी। साउथ अफ्रीका ने टेस्ट सीरीज 2-0 से जीती है।

### कोहली के लगातार दो चौकों से जीता भारत

40वें ओवर में विराट कोहली ने लगातार दो चौके लगाकर भारत को 9 विकेट की जीत दिला दी। इसी के साथ भारतीय टीम ने 3 मैचों की सीरीज को 2-1 से अपने नाम कर लिया है।

**रोहित के 20 हजार इंटरनेशनल रन**

रोहित के इंटरनेशनल क्रिकेट में 20 हजार रन पूरे हो गए हैं। वे ऐसा करने वाले भारत के चौथे बैटर बने हैं। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ यह कारनामा कर चुके हैं।


### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत:** केएल राहुल (कप्तान, विकेटकीपर), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, ऋतुराज गायकवाड, तिलक वर्मा, रवींद्र जडेजा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा।

**साउथ अफ्रीका:** टेम्बा बावुमा (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, रायन रिकेल्टन, ऐडन मार्करम, मैथ्यू ब्रीट्जकी, डेवाल्ड ब्रेविस, मार्को यानसन, कॉर्बिन बॉश, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी और ओटनील बार्टमैन।

# जेद्दाह बाजा टोयोटा रैली में याज़ीद अल-राजही और टिमो गोटशॉक ने पहले स्टेज में हासिल किया शीर्ष स्थान

**जेद्दाह,06 दिसम्बर 2025।** 17 से ज़्यादा देशों के 68 ड्राइवरों और नेविगेटरों ने जेद्दा बाजा टोयोटा रैली के पहले स्टेज में हिस्सा लिया। पहला स्टेज 395 किलोमीटर का था, जिसमें 206 किलोमीटर के टाइम वाले स्पेशल स्टेज सेक्शन शामिल थे। अल्टीमेट क्ककैटेगरी में, याज़ीद अल-राजही और को-ड्राइवर टिमो गोटशॉक 1 घंटे 48 मिनट, 6 सेकंड के समय के साथ टॉप पर रहे, उसके बाद दानिया अकील 02:01:36 और मिरोस्लाव ज़ैपलेटल 02:02:28 पर रहे। अल्टीमेट कैटेगरी में, फ़ारिस अलमोशाना 02:21:22 के समय के साथ सबसे आगे रहे,उनके बाद अब्दुलअज़ीज़ अलयाईश (03:10:19) और हुसैन अल-लापिड (03:37:39) रहे। स्टॉक कैटेगरी में, सूफ़ियान अलोमर ने 02:27:18 के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया, खालफ़ अल-शम्मरी दूसरे (02:48:11) और माजेद अलथुनायन तीसरे (03:18:40) स्थान पर रहे। चैलेंजर कैटेगरी में, टॉप तीन हमद अल-हरबी (02:19:52), सालेह अलसैफ़ (02:20:59) और अब्दुल्ला अलफ़हद (02:29:14) थे।



साइड-बाय-साइड कैटेगरी में टॉप स्थान हमज़ा बख्शाब (02:02:42) को मिला, उसके बाद महा अल-हमाली (02:11:34) और मंसूर अल-हेली (02:12:42) रहे। जापान के तेरुहितो सुगावारा ने ट्रक्स कैटेगरी में 02:20:52 के समय के साथ सबसे पहले लाइन पार की। मोटरबाइक कैटेगरी में, अब्दुल हलीम अल-मुगिराह 02:47:39 के समय के साथ सबसे तेज़ रहे, उसके बाद थॉमस ब्लैकबर्न (02:50:15) और अब्दुल्ला लंजवी (02:59:58) रहे। क्वॉड्स कैटेगरी में,हानी अलनुमेसी (02:52:03) सबसे आगे रहे, उनके बाद अब्दुल रहमान अलअब्दुललतीफ (03:53:31) और मेरेहिन अलबज़ (05:01:11) रहे। जेद्दा बाजा टोयोटा का दूसरा और आखिरी स्टेज शनिवार को 301 किलोमीटर की दूरी पर होगा, जिसमें 91 किलोमीटर का टाइम वाला स्पेशल स्टेज भी शामिल है। यह इवेंट सऊदी ऑटोमोबाइल एंड मोटरसाइकिल फेडरेशन द्वारा, खेल मंत्रालय और जेद्दा गवर्नरेट के सहयोग से, ऑफिशियल पार्टनर जमील मोटरस्पोर्ट और सऊदी मोटरस्पोर्ट मार्शल्स क्लब के सपोर्ट से आयोजित किया जा रहा है।



# संस्कार और मिथुन की टक्कर

**गुवाहाटी,06 दिसम्बर 2025।** संस्कार सारस्वत और मिथुन मंजूनाथ ने शनिवार को गुवाहाटी मास्टर्स में सीधे गेम में सेमीफाइनल जीत हासिल की,जिससे यह पूरी तरह से भारतीय खिलाड़ियों के बीच टाइटल मुकाबला होगा, जिससे मेज़बान देश के लिए गोल्ड मेडल पक्का हो गया। इस बीच, उभरती हुई स्टार तन्वी शर्मा ने तीसरी सीड हिना अकेची को हराकर महिला सिंगल्स के फाइनल में जगह बनाई, यह जानकारी बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया की एक प्रेस रिलीज से मिली। संस्कार ने शांत प्रदर्शन करते हुए इंडोनेशिया की डेंडी त्रियानस्याह को 39 मिनट तक चले मैच में 21-19, 21-19 से हराया। इससे पहले, मिथुन ने हमवतन तुषार सुवीर को 42 मिनट में 22-20, 21-8 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट तन्वी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए, जापान की तीसरी सीड अकेची को 42 मिनट में 21-18, 21-16 से हराकर फाइनल मुकाबले में जगह बनाई। आठवीं सीडेड भारतीय जोड़ी का सामना अब चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग से होगा,जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में अश्मिता चालिहा को 12-21,21-17,21-14 से हराया। मेन्स डबल्स में,टॉप सीडेड पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक ने इंडोनेशिया के प्रसेत्या एंसेलमस और रामाधन पुलुंग को सीधे गेम में हराकर फाइनल में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी ने 38 मिनट में 21-16, 22-20 से मैच अपने नाम किया और अब टाइटल के लिए उनका सामना मलेशिया के एरॉन ताई और कांग खाई जिंग से होगा।

# अनियमित कर्मचारियों में आक्रोश...फेडरेशन ने 28 दिसंबर को रायपुर में प्रदर्शन का किया ऐलान

### सत्या राज 32 संगठनों के हजारों कर्मचारी होंगे शामिल

**रायपुर,06 दिसम्बर 2025।** छत्तीसगढ़ अनियमित कर्मचारी फेडरेशन ने राज्य सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए 28 दिसंबर को राजधानी रायपुर में विशाल प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। नियमितीकरण, स्थायीकरण, मानदेय वृद्धि और निकाले गए कर्मचारियों की बहाली जैसी मांगों को लेकर प्रदेशभर के 32 संगठनों के हजारों अनियमित कर्मचारी इस प्रदर्शन में शामिल होंगे।

फेडरेशन का कहना है कि पिछले 5 वर्ष से लेकर 25-30 साल से किसी न किसी प्रकार से शासन की जनहितकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका में सतत रूप से कार्यरत हैं, लेकिन विडंबना ही है कि आज तक 'अनियमित कर्मचारी' जैसे शब्दों से तिरस्कृत हैं। वर्तमान में इनकी स्थिति मध्यकालीन बंधुआ मजदूर से भी बदतर है। पारिवारिक जिम्मेदारी, आर्थिक असुरक्षा, बेरोजगारी, प्रशासनिक दबाव के कारण अपने विरुद्ध हो रहे अन्याय को सहने विवश हैं।




**भाजपा की सरकार बनने पर यथाशीघ्र निराकरण का किया गया था वादा :** फेडरेशन ने बताया कि अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे अनियमित कर्मचारियों के मंच पर चुनाव से पहले भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और जनप्रतिनिधि पहुंचे थे। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं और भाजपा की सरकार बनने पर इनका यथाशीघ्र निराकरण करने की बात कही है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के लिए मोदी की गारंटी 2023 पत्र के सुशासन संबंधी बिंदु क्रमांक 2 में यह उल्लेख है कि एक कमेटी गठित कर उसमें अनियमित कर्मचारियों को शामिल करते हुए समीक्षात्मक प्रक्रिया शुरू की जाएगी। लेकिन कमेटी गठन आदेश में अनियमित कर्मचारियों का कोई उल्लेख नहीं है और न ही अनियमित कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों को शामिल किया गया है, जिसके कारण अनियमित कर्मचारियों में आक्रोश है। फेडरेशन का कहना है कि मुख्यमंत्री और मंत्रियों से कई बार मुलाकात के बावजूद भाजपा सरकार के 17 माह बीत जाने के बाद भी सरकार समस्याओं के निराकरण के लिए किसी भी प्रकार की पहल नहीं कर रही है।

#### न्यूनतम एवं संविदा वेतन में वृद्धि नहीं

फेडरेशन ने बताया कि अनियमित कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों से आधे से भी कम वेतन देने का प्रावधान न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 एवं संविदा नियम 2012 के तहत है, परंतु न्यूनतम वेतन का पुनरीक्षण 2017 से एवं संविदा वेतन अगस्त 2023 के बाद वृद्धि नहीं की गई है।

#### वेतन के लाले और छटनी

फेडरेशन का कहना है कि वर्तमान में सरकार की अनिर्णय की स्थिति के कारण अनेक विभागों के अनियमित कर्मचारियों को विगत अनेक माह से वेतन प्राप्त नहीं हो रहा है और अनेक विभागों में वर्षों से कार्यरत अनियमित कर्मचारियों की छटनी की जा रही है।

# आत्महत्या करने बार-बार धमकी देना पति से क्रूरता : हाईकोर्ट

### मुस्लिम परिवार ने धोखा देकर हिंदू युवक से रचाई शादी,पति को मिला तलाक




**बिलासपुर,06 दिसम्बर 2025।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि आत्महत्या के लिए बार-बार धमकी देना पति के साथ क्रूरता है। जब इस तरह की घटनाएं लगातार हो तो कोई भी पति-पत्नी शांति से नहीं रह सकता। ऐसी स्थिति में पत्नी के व्यवहार को देखते हुए पति के लिए किसी भी मेंटल प्रेशर के साथ उसके साथ रहना मुमकिन नहीं है। इस टिप्पणी के साथ ही हाईकोर्ट ने तलाक के खिलाफ पत्नी की अपील खारिज कर दी है। बता दें कि एक मुस्लिम परिवार की युवती ने घरवालों के साथ मिलकर धोखा दिया और हिंदू युवक से शादी रचा ली। सच्चाई सामने आने पर पति ने तलाक के लिए केस लगाया, जिसकी सुनवाई के बाद कोर्ट ने पति को तलाक के लिए हकदार माना।

**ये है पूरा मामला :** दरअसल,धमतरी जिले के रहने वाले कारोबारी युवक की शादी साल 2018 में हिंदू रिति रिवाज के साथ कुरुद क्षेत्र की युवती से हुई थी। युवक का आरोप है कि शादी तय हुआ तब युवती और उसके परिवार वालों ने खुद को हिंदू बताया था, जबकि लड़की मुस्लिम परिवार से थी। शादी के बाद उनका बेटा हुआ,जो अब करीब तीन साल का हो गया है। पति का आरोप है कि शादी के करीब एक हफ्ते बाद पत्नी के साथ वो डोंगरगढ़ स्थित मां बम्बलेश्वरी देवी दर्शन करने के लिए जा रहे थे। तभी रास्ते में सामने एक भैंस आ गई और दोनों पति-पत्नी गिरकर घायल हो गए। जिस पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**भूत का साया बताकर ले गए दरगाह :** जिसके बाद महिला के पिता ने उन्हें मिलने बुलाया। फिर उन्हें अधारी नवगांव स्थित दरगाह ले गए। इस दौरान बताया कि दोनों पर भूत का साया है। उन्हें हर गुरुवार का दरगाह आने कहा गया। साथ ही यह भरोसा दिलाया कि इससे उसका बिजनेस भी अच्छा चलेगा।

# रायपुर में थाने से भागे ड्रग्स तस्कर,हेरोइन समेत 23 लाख के सामान के साथ पकड़ाए थे



**रायपुर,06 दिसम्बर 2025।** राजधानी रायपुर में ड्रग्स बेचने के 2 आरोपी पुलिस थाने से हथकड़ी खोल कर फरार हो गए है। 5 दिसंबर की रात पुलिस 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने लाई थी, अगले दिन मौका पाकर दो आरोपी भाग निकले। पुलिस फिर से उनकी तलाश कर रही है। मामला सरस्वती नगर थाना क्षेत्र का है। आरोपी साइंस कॉलेज मैदान के पास रात में एक कार में पहुंचे थे। जहां वे ड्रग्स बेचने की फिराक में ग्राहकों का इंतजार कर रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस अलर्ट हुई और मौके पर पहुंचकर कर आरोपियों को गिरफ्तार किया था। तस्करों के कब्जे से 26.22 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया था,जिसकी कीमत ढाई लाख रुपए से ज्यादा की थी। वहीं, पुलिस ने कार, मोबाइल, ड्रग्स समेत 23 लाख का सामान भी जब्त किया है।

#### पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा था

सरस्वती नगर पुलिस के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिली थी कि साइंस कॉलेज मैदान के पास डीडीयू ऑडिटोरियम रोड पर एक काले रंग की हुंडई कार में कुछ युवक चिट्टा (हेरोइन) बेचने की फिराक में ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम अलर्ट हुई और मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया।

# 'आदिवासी नेता जीवन ठाकुर की मौत की न्यायिक जांच हो'

## दीपक बैज ने कहा...सरकार राजनीतिक विरोधियों को बना रही है निशाना

**रायपुर,06 दिसम्बर 2025।** कांकेर के चारामा पूर्व जनपद अध्यक्ष और आदिवासी नेता जीवन ठाकुर की मौत मामले में कांग्रेस ने न्यायिक जांच की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि, यह मौत सामान्य नहीं, बल्कि सरकार की प्रायोजित षड्यंत्र और हत्या है। उनका आरोप है कि भाजपा सरकार विरोधी नेताओं को झूठे मामलों में फंसाकर जेल भेज रही है। वहां प्रताड़ित कर उनकी आवाज को हमेशा के लिए दबाने की कोशिश कर रही है। जीवन ठाकुर आदिवासी अधिकारों की लड़ाई में हमेशा मुखर रहे। यही वजह थी कि सरकार उन्हें रास्ते से हटाना चाहती थी।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आरोप लगाया है कि, जेल के भीतर जीवन ठाकुर को गंभीर यातनाएं दी गई, इलाज में लापरवाही बरती गई और इन्हीं परिस्थितियों के कारण उनकी मौत हुई। कांग्रेस ने मांग की है कि, कांकेर के जेलर और सभी जिम्मेदार अधिकारियों पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए।

#### आदिवासी नेताओं को फर्जी मामलों में जेल भेजा गया

दीपक बैज का आरोप है कि, पिछले दो वर्षों में बड़ी संख्या में आदिवासी नेताओं को फर्जी मामलों में जेल भेजा गया है। कई आदिवासी फर्जी एनकाउंटर में मारे गए और जल-जंगल-जमीन की लड़ाई लड़ने वाले हर आदिवासी को सरकार निशाना बना रही है। उन्होंने कहा कि, कॉर्पोरेट हितों की रक्षा के लिए भाजपा सरकार ने आदिवासी समाज के खिलाफ अघोषित डेथ वारंट जारी कर दिया है। सरगुजा से लेकर बस्तर तक पांचवीं अनुसूची क्षेत्रों में पेसा कानून का उल्लंघन लगातार हो रहा है। उसके खिलाफ उठने वाली आवाजों को सरकारी दमन का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि, जीवन ठाकुर की मौत सरकार के हिंसक रवैये की ताजा मिसाल है।

#### 4 दिसंबर को हुई थी आदिवासी नेता की मौत

कांग्रेस नेता और सर्व आदिवासी समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष जीवन ठाकुर की मौत 4 दिसंबर को हुई। उन्हें 12 अक्टूबर 2025 को कांकेर पुलिस ने फर्जी वन पट्टा बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। 49 वर्षीय जीवन ठाकुर को 2 दिसंबर को कांकेर जिला जेल से रायपुर सेंट्रल जेल शिफ्ट किया गया था, जहां उनकी तबीयत अचानक बिगड़ी।

# कानून की जीत : अपराधिक मानव वध में आरोपी को 10 साल सश्रम कारावास की सजा

**रायगढ़,06 दिसम्बर 2025।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले में कानून की सख्ती और सटीक विवेचना का एक और मजबूत उदाहरण सामने आया है, जहां तत्कालीन थाना प्रभारी खरसिया तथा वर्तमान में घरघोड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू ने निष्पक्ष,वैज्ञानिक और प्रभावी जांच की गई,वहीं अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक पी.एन. गुप्ता ने सशक्त तर्कों, ठोस साक्ष्यों और प्रभावी जिरह के माध्यम से न्यायालय में मामला मजबूती से प्रस्तुत किया जिसके चलते अपराधिक मानववध के मामले में आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार जैन के न्यायालय ने कल सत्र प्रकरण क्रमांक 114/2024 (थाना खरसिया अपराध क्रमांक 544/2024) में आरोपी कुशल चौहान पिता झाडूराम चौहान उम्र 41 वर्ष, निवासी बाम्हनपाली, थाना खरसिया को धारा 105 भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत दोषसिद्ध कर 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 100 अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार 11 सितंबर 2024 को ग्राम पंचायत बाम्हनपाली के सरपंच पति दयाराम राठिया को सूचना मिली कि आरोपी ने घरेलू विवाद के दौरान अपनी पत्नी विमला खड़िया के साथ बेरहमी से मारपीट की है। आरोपी ने पत्नी को घसीटकर कमरे में ले जाकर बांस के डंडे से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों द्वारा डॉयल 112 को सूचना दी गई, जिसके बाद घायल महिला को सिविल अस्पताल खरसिया में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पर थाना खरसिया में मर्ग कायम कर आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू ने तत्परता से आरोपी को गिरफ्तार कर उसके मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा, खून से सने कपड़े जप्त किए, पटवारी नक्शा, गवाहों के कथन, फॉरेंसिक रिपोर्ट सहित सभी वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाकर मजबूत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सत्र न्यायालय में सुनवाई के दौरान 15 गवाहों के बयान कराए गए, जिसके आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी निरीक्षक कुमार गौरव साहू की विवेचना में हाल ही में थाना दीनदयाल नगर रायपुर के हत्या मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा दिलाई जा चुकी है।



# रायपुर में 80 लाख का ड्रग्स पकड़ाया,9 पैडलर गिरफ्तार



**रायपुर,06 दिसम्बर 2025।** ऑपरेशन 'निश्चय' के अंतर्गत हेरोइन (चिट्ठा) सप्लायरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है, पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन'निश्चय' के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों में बड़ी कार्यवाही करते हुए कुल 09 आरोपियों के कब्जे से लगभग 400 ग्राम हेरोइन (चिट्ठा), , जिसकी अनुमानित कीमत लगभग ?80 लाख है, जप्त किया गया है। साथ ही आरोपियों के कब्जे से 01 हुंडई अल्काज़र कार, 04 नग मोटरसाइकिल एवं 10 नग मोबाइल फोन जुमला कीमती लगभग 1 करोड़ 03 लाख जप्त किए गए हैं। आरोपियों के विरुद्ध थाना कबीर नगर, थाना आमानाका, थाना सरस्वती नगर एवं थाना आजाद चौक में धारा 21 (बी), 21 (सी),29 एनडीपीएस एक्ट एवं धारा 111 बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

माह अगस्त 2025 में हुई पूर्व बड़ी नारकोटिक्स कार्रवाई के पश्चात रायपुर पुलिस द्वारा जिले में नशे के व्यापार के बदलते स्वरूप पर सतत निगरानी रखी जा रही थी। जांच में यह तथ्य सामने आया कि जहां पूर्व में कुछ सीमित बड़े सप्लायर पंजाब से मादक पदार्थ मंगाकर आपूर्ति करते थे, वहीं अब गिरोह के विघटन के बाद अनेक छोटे नेटवर्क स्वयं पंजाब जाकर कम मात्रा में चिट्ठा लाकर स्थानीय स्तर पर विक्रय करने लगे हैं।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से हल्बा-हल्बी समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर,06 दिसम्बर 2025।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विगत दिवस राजधानी रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ हल्बा-हल्बी समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री साय को अवगत कराया कि समाज की ओर से 27 दिसंबर 2025 को दुर्ग के पुलगांव में समाजिक सम्मेलन एवं शक्ति दिवस समारोह, तथा 20 जनवरी 2026 को रायपुर में क्रांतिकारी अमर शहीद गेंद सिंह जी के 201वीं शहादत दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री साय को दोनों महत्वपूर्ण आयोजनों में सादर आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री साय ने आमंत्रण के लिए हल्बा-हल्बी समाज के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और समाज के सांस्कृतिक गौरव एवं प्रेरणादायी इतिहास की सराहना की। उन्होंने दोनों आयोजनों की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर महेश गागड़ा, डॉ. देवेंद्र महला, गिरिवर ठाकुर, हृदय राम कोसमा, मिथीर राम सलेंद्र सहित समाज के अनेक वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे।

### विद्युत विभाग का बड़ा एक्शन

# 88 बकायादारों के काटे गए कनेक्शन



**रायपुर,06 दिसम्बर 2025।** बिजली बिल की लगातार बढ़ती राशि पर प्रभावी नियंत्रण तथा लंबे समय से बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर कार्यवाही के लिए विद्युत विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। विगत दिवस बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के बरियो वितरण केंद्र में विशेष वसूली अभियान चलाया गया, जिसके तहत विभागीय टीम ने बड़ी कार्रवाई की। मुख्य अभियंता छत्तीसगढ विद्युत वितरण कंपनी अम्बिकापुर क्षेत्र यशवंत शिलेदार के नेतृत्व में, अधीक्षण अभियंता के.एन. सिंह,कार्यपालन अभियंता बलरामपुर प्रकाश अग्रवाल तथा जिले में पदस्थ सभी सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं की संयुक्त टीम सुबह 10:00 बजे ही बरियो पहुंची और बकायादारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की शुरुआत की। इस दौरान 88 बड़े बकायादारों के विद्युत कनेक्शन की बकाया राशि 23 लाख 96 हजार 988 रुपये के लिए काटे गए।

### कांग्रेस में नए जिलाध्यक्षों के पदभार ग्रहण पर पूर्व डिप्टी सीएम का बड़ा बयान

# कहा...यह नियुक्ति कांग्रेस के मूल स्वरूप को बदलने वाली है

**रायपुर,06 दिसम्बर 2025।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्षों ने पदभार ग्रहण किया. राजधानी के गांधी मैदान स्थित जिला कांग्रेस भवन में रायपुर शहर समेत ग्रामीण के जिला अध्यक्षों ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में जिलों के पदाधिकारी और प्रदेश के पदाधिकारी शामिल हुए। इसी के साथ ही कांग्रेस पार्टी ने सभी पूर्व जिला अध्यक्षों को पद से मुक्त कर दिया है। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने मीडिया से बातचीत में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति पर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा...यह नियुक्ति कांग्रेस के मूल स्वरूप को बदलने वाली है। पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव ने कहा कि यह नियुक्ति कांग्रेस के मूल स्वरूप को बदलने वाली है। कोशिश है कि हम भी कैडर बेस्ड पार्टी खड़ा कर सकें। कांग्रेस में लोग केवल व्यक्ति से जुड़ने



लगे थे, पार्टी से नहीं। अब संगठन आगे होगा,व्यक्ति थोड़ा पीछे रहेंगे। पूरा परिवर्तन लाने में थोड़ा वक्त लगेगा,लेकिन जितनी देर करते उतना पीछे रहते। पदभार ग्रहण के अवसर पर पूर्व डिप्टी सीएम टी एस सिंह देव,पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय,पीसीसी चीफ दीपक बैज और प्रदेश सह प्रभारी विजय जांगिड़ भी समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।वहीं पश्चिम बंगाल में रखी जा रही बाबरी मस्जिद की नींव को लेकर भी पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव बड़ा बयान दिया है।

# मां के अंतिम संस्कार में शामिल हुए जोहार पार्टी प्रमुख अमित बघेल,कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद पहुंचे गृहग्राम

**रायपुर,06 दिसम्बर 2025।** जोहार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के संस्थापक अमित बघेल की माता का शुक्रवार को निधन हो गया। पुलिस रिमांड में रहते हुए कोर्ट की विशेष अनुमति पर अमित बघेल अपनी माता के अंतिम संस्कार में आज शामिल हुए। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उन्हें रायपुर से उनके गृह ग्राम पथरी ले जाया गया,जहां उनकी माता का अंतिम संस्कार सम्पन्न हुआ।

**कड़ी सुरक्षा में अंतिम यात्रा में शामिल हुए अमित बघेल :** पुलिस रिमांड में होने के कारण पूरे कार्यक्रम के दौरान कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। डीएसपी रैंक के अधिकारियों की निगरानी में अमित बघेल को पथरी गांव लाया गया। अंतिम संस्कार के दौरान अमित बघेल नम आंखों के साथ अपनी मां को विदाई देते दिखाई दिए। अंतिम संस्कार में छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के कार्यकर्ताओं समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और समाज के लोग मौजूद रहे।



**गिरफ्तारी के एक दिन बाद हुआ अंतिम संस्कार :** गौरतलब है कि एक दिन पहले ही अमित बघेल रायपुर के देवेंद्र नगर थाने में गिरफ्तारी देने पहुंचे थे। उसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया,जहां से तीन दिन की पुलिस रिमांड की अनुमति दी गई। इसी दौरान न्यायालय ने मानवीय आधार पर उन्हें माता के अंतिम संस्कार में शामिल होने की भी अनुमति प्रदान की।

# मंत्री ओपी चौधरी से मिला रियल एस्टेट ब्रोकर प्रतिनिधिमंडल,समाधान का आश्वासन

**रायपुर,06 दिसम्बर 2025।** छत्तीसगढ़ के रियल एस्टेट सेक्टर में हाल ही में रजिस्ट्री पंजीयन दरों में की गई भारी वृद्धि के विरोध में छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट ब्रोकर्स एसोसिएशन ने राज्य सरकार के समक्ष अपनी गंभीर आपत्तियां रखी हैं। संगठन के अध्यक्ष महेश आर्य के नेतृत्व में ब्रोकरों का प्रतिनिधिमंडल माननीय मंत्री ओपी चौधरी से मिला और प्रदेश के कई क्षेत्रों में 500 से 900 प्रतिशत तक



बढ़ाई गई रजिस्ट्री पंजीयन दरों को अव्यवहारिक और जनविरोधी बताया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इस विसंगति से रियल एस्टेट कारोबार प्रभावित हो रहा है, साथ ही आम जनता पर भी भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। बैठक के दौरान अध्यक्ष महेश आर्य ने विस्तार से बताया कि मध्य प्रदेश के बड़े शहर भोपाल,ग्वालियर,जबलपुर और इंदौर जहां विकास की रफ्तार अपेक्षाकृत धीमी है,वहां रजिस्ट्री पंजीयन दरों में केवल 10 से 20 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इसके विपरीत, छत्तीसगढ़ के अभनपुर तहसील के ग्राम बेंद्री और निमोरा जैसे क्षेत्रों में भारी विकास को देखते हुए पंजीयन दरों में 500 से 700 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर दी गई है, जो किसी भी मानक के अनुसार तर्कसंगत नहीं है। इसी तरह,प्रतिनिधिमंडल ने मुंबई,पुणे और नासिक का उदाहरण देते हुए कहा कि देश के इन अत्यंत विकसित एवं महंगे रियल एस्टेट बाजारों में भी इस वर्ष रजिस्ट्री पंजीयन दरों में केवल 4 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह*(पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050,डॉक रजिस्टर्ड क्र.:-13/सरगुजा/डीएन/2023-2025-मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)